


पेज -3 पर

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 238 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, गुरुवार 7 जुलाई 2022

विप्र फाउंडेशन की महिला शाखा घोषित

पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### 13 साल की लड़की के साथ युवक ने फांसी लगाई



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में 18 साल के लड़के ने 13 साल की लड़की के साथ फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दोनों के शव बुधवार को गांव में एक ही पेड़ से लटके हुए मिले हैँ। दोनों ही देर रात अपने घर से निकले थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल दोनों ने खुदकुशी क्यों की, यह पता नहीं चल सका है। मामला पिपरिया थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मरका गांव में बुधवार सुबह खेत जब लोग खेत में काम करने पहुंचे तो बबूल के पेड़ पर लड़का और लड़की की लाशें लटकी हुई थी। दोनों ने नाइलोन की रस्सी से फांसी लगाई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। दोनों लड़के-लड़की उसी गांव के रहने वाले हैं। लड़की नाबालिग है, जबकि लड़का 18 साल का है और उसका नाम मंगल यादव है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पूछताछ में परिजनों ने पुलिस को बताया कि जब वे सुबह उठे, तो बच्चे घर में नहीं थे। कुछ देर तक उन्हें आसपास इधर- उधर ढूंढा। तभी गांव के बाहर लड़का-लड़की के फांसी लगाए जाने की खबर मिली।

# प्रदूषण के कारण नहीं बरस रहे बादल, धूल इतनी कि पानी की बड़ी बूंदे ही नहीं बन रही

**रायपुर।** क्या औद्योगिक प्रदूषण की वजह से मानसूनी बादल छत्तीसगढ़ से रूठ गए हैं? मौसम विज्ञानी तो कुछ ऐसी ही आशंका जता रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि भारी धूल कणों की वजह से बादलों में पानी की भारी और बड़ी बूंद नहीं बन पा रही है। इसकी वजह से कुछ विशेष क्षेत्रों में कम बरसात हुई है। अगर इन क्षेत्रों में पानी की भारी बूंदों वाले बादल आए तभी यहां अच्छी बरसात होगी।

इसको समझने के लिए पहले समझना होगा कि बरसात होती कैसे है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मैदानों में भीषण गर्मी की वजह से हवा गर्म होकर ऊपर की ओर उठती है। यह कन्वेक्शन होता है। यहीं अगर उसे नमी मिल जाए तो बादल बनता है। इसमें पानी गैस के रूप में होता है। विभिन्न सतहों पर बह रही हवा इसे ऊंचे उठाकर ले जाती है। इसी




बादल में ठंडा होने पर गैस के रूप में इकट्ठा पानी द्रव में बदल जाता है। इसकी बूंदें एक सीमा से बड़ी हो जाती हैं तो बादल इसे संभाल नहीं पाता और बरस पड़ता है। इस तरह बरसात होती है। ऐसा तब होता है जब तापमान, हवा की दिशा, बादलों की ऊंचाई जैसे कई तत्व एक साथ मिलें।

मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा का कहना है, औद्योगिक क्षेत्रों और उसके आसपास की हवा में धूल के भारी कण मौजूद हैं। ये कण दो तरह के हैं। पहले वे जिसे विज्ञान की भाषा में द्रव स्नेही अथवा Fluid-loving colloids कहते हैं। दूसरे वे होते हैं जिन्हें द्रव विरोधी अथवा anti-fluid colloids कहलाते हैं। अधिकतर औद्योगिक प्रदूषक द्रव विरोधी हैं। यानी वे पानी अथवा हवा में घुलते नहीं है। ये हवा के साथ ऊपर उठते हुए बादलों में जाते हैं। इनकी वजह से बादलों में संघनन प्रभावित होता है। पानी की बड़ी बूंदे नहीं बन पाती। छोटी बूंदों से केवल हल्की बरसात होती है। अगर इन क्षेत्रों में आने वाले बादल पहले से ही भारी बूंदों के साथ आएं तभी इन द्रव विरोधी कणों का जाल तोड़कर बरस पाएंगे। पिछले साल सितम्बर महीने में रायपुर की सड़कों पर यह नजारा एक घंटे की बरसात में ही दिखने लगा था। इस साल अभी तक ऐसी स्थिति नहीं बनी।

पिछले साल सितम्बर महीने में रायपुर की सड़कों पर यह नजारा एक घंटे की बरसात में ही दिखने लगा था। इस साल अभी तक ऐसी स्थिति नहीं बनी।

# हाथी समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश, मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत

## हाथी समस्या का समाधान छोड़ निर्माण कार्य मे व्यस्त वन विभाग

जोहार छत्तीसगढ़. धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर आमजनता से भेंट मुलाकात कर रहे हैं। धरमजयगढ़ क्षेत्र में भेंट मुलाकात कार्यक्रम 9 जुलाई को प्रस्तावित है। शासन-प्रशासन इस कार्यक्रम को सफल बनाने पसीना बहा रहे हैं।




जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

वहीं आमजनता भी मुख्यमंत्री आने का इंतजार कर रही है। ताकि विभागों के लापरवाही से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जा सके। बता दें कि धरमजयगढ़ क्षेत्र में खासकर ओंगना, पोटिया, आमगांव, क्रोधा, सेमीपाली, नरकालो, फतेहपुर, उदउदा क्षेत्रों के लोगों के लिए आफत बने जंगली हाथियों द्वारा फसल नुकसानी और मुआवजा देने के नाम पर वन विभाग के कर्मचारियों के सुस्त रवैये से परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्या रखने का मन बना लिया है। ओंगना गांव में पीछले 10 वर्ष से जंगली हाथियों ने अपना डेरा डाल रखा है और



किसान भयभीत होकर अपने खेतों में काम करने जाते हैं विदित हो ओंगना गांव में जंगली हाथियों के हमलें से किसानों की मौत हो चुकी है। पर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस विकराल बने समस्या का समाधान ना कर निर्माण कार्य में व्यस्त रहते हैं। मुख्यमंत्री के आगमन से गांव के लोगों में आश बंधी है कि अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल धरमजयगढ़ आ रहे हैं, तो जरूर हाथी समस्या का समाधान और उचित मुआवजा समय पर मिल सकता है। इस समस्या से प्रभावित ग्रामीण पहले भी शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी बात रख चुके हैं। लेकिन मामले को अधिकारी रद्दी की टोकरी में फेंक देते हैं। इसलिए ग्रामीण अब प्रदेश की मुखिया को इस गंभीर समस्या से अवगत कराएंगे। ताकि लापरवाह वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी पर कार्यवाही हो सके।

# सड़क पर बैठी गायों को तेज रफ्तार ट्रेलर ने कुचला



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से सड़क पर बैठी गायों का कुचलने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक ट्रेलर 2 गायों को रौंदते हुए नजर आ रहा है। इससे दोनों गायों की मौके पर ही मौत हो जाती है। मामला चंद्रपुर थाना क्षेत्र का है।

इस पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी वीडियो वायरल है। यह वीडियो अमलडीहा गांव का बताया जा रहा है। जहां एक मेडिकल दुकान के सामने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को यह घटना हुई है। वीडियो में ट्रेलर ड्राइवर सड़क पर खड़ा हुआ दिख रहा है। फिर अचानक से वह गायों को कुचलता हुआ आगे निकल जाता है। माना जा रहा है कि ट्रेलर चालक ने पहले हॉर्न दिया होगा। फिर जब मवेशियां नहीं उठीं तो उसने उन पर ट्रेलर ही चढ़ा दिया। घटना की जानकारी लोगों को अगले दिन सुबह बुधवार को लगी। लोगों ने देखा कि 2 मवेशियां मरी हुई हालत में रोड़ पर पड़ी थीं। आस-पास का सीसीटीवी चेक करने पर ये वीडियो सामने आया है। घटना के बाद से ही लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि हम इस मामले में शिकायत करेंगे। इस तरह से गायों का कुचलना क्रूरता है। दरअसल, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं के घूमने की समस्या है। प्रशासन के समझाने और व्यवस्था करने के बावजूद लोग मवेशियों को चरने के लिए सड़क पर छोड़ देते हैं। फिर मवेशी इस प्रकार से चरते रहती हैं। सड़क पर भी बैठ जाती हैं।

# ट्रैक्टर पलटा, 2 लोगों की दबने से मौत

## खेत जुताई के बाद युवक को ट्रैक्टर सिखा रहा था ड्राइवर, मेढ़ में चढ़ाने के दौरान हादसा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में ट्रैक्टर के पलटने से 2 लोगों की मौत हो गई है। दोनों खेत में जुताई के काम के लिए गए थे। इसके बाद ट्रैक्टर चालक दूसरे युवक को ट्रैक्टर चलाना सिखा रहा था। उसी वक्त गाड़ी को मेढ़ में चढ़ाने के दौरान ये हादसा हो गया है। दोनों युवक ट्रैक्टर के नीचे दब गए थे। हादसा पसान थाना क्षेत्र में हुआ है।



बताया जा रहा है कि ग्राम सिर्री निवासी अभिराम सिंह(40) बुधवार सुबह बैकुंठ सिंह मरावी के साथ कदममुड़ा रोड स्थित आलोक प्रजापति के खेत में ट्रैक्टर से जुताई करने गया था। बरसात का मौसम शुरू हो गया है। इस वजह से किसान अपने खेत में जुताई के काम में लगे हुए हैं। इसी जुताई के काम के लिए अभिराम सिंह भी गया हुआ था।

जानकारी मिली है कि अभिराम सिंह ने जुताई का काम पूरा कर लिया था। इसके बाद उसे बैकुंठ सिंह ने ट्रैक्टर सिखाने के लिए बोला था। इस पर अभिराम सिंह उसे ट्रैक्टर सिखा रहा था। बैकुंठ सीखते वक्त मेढ़ से ट्रैक्टर पार करना चाहता था। इसके लिए उसने गाड़ी को चढा भी दिया था। मगर मिट्टी गीली होने के कारण ट्रैक्टर के चढ़ते ही गाड़ी नीचे की ओर धंसने लगी। इसके बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। अभिराम सिंह और बैकुंठ सिंह दोनों उसी ट्रैक्टर के नीचे आ गए। कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आस-पास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे।

# सेरीखेड़ी के दो खसरों की भूमि की नही होगी खरीदी-बिक्री

## अवैध प्लाटिंग का मामला, कलेक्टर डॉ भुरे ने रजिस्ट्री पर लगाई रोक

**रायपुर ।** नवा रायपुर अटल नगर क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और अवैध निर्माण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने सेरीखेड़ी के दो खसरों 235 और 238 में दर्ज जमीन की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर ने नवा रायपुर अटल नगर क्षेत्र में हो रही जमीनों की रजिस्ट्री में उप पंजीयक को गंभीरता से सावधानी बरतने के निर्देश दिए है। राज्य शासन ने नया रायपुर विकास योजना में लेयर-2 के तहत छोटे-छोटे भूखण्डों में भूमि का उपविभाजन किया जाकर कॉलोनी का निर्माण अथवा बहुमंजिलीय फ्लैट का निर्माण प्रतिबंधित किया है।

# छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में स्वर्गीय रामाधार कश्यप की थी, अग्रणी भूमिकाः सीएम

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर के लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के अग्रिम पंक्ति के नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित पुस्तक ''पृथक छत्तीसगढ़ आंदोलन के दुर्धर्ष नायकः रामाधार कश्यप'' का विमोचन किया।




उन्होंने स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिलासपुर शहर के किसी प्रमुख चौक पर स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप के अनन्य सहयोगी श्री मन्नूलाल साहू एवं श्री सुशील भोले को आयोजन समिति की ओर से शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। ''पृथक छत्तीसगढ़ आंदोलन के दुर्धर्ष नायकः रामाधार कश्यप'' पुस्तक का संपादन साहित्यकार श्री डी. डी. महंत ने किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप जी की अग्रणी भूमिका रही है। वे बहुत ही सरल और सहज स्वभाव के व्यक्ति थे।




**महंगाई..** नई कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं

# रसोई गैस में महंगाई की आग, रायपुर में 1124 रुपए का मिलेगा 14 किलो का घरेलू सिलेंडर

रायपुर। पेट्रोलियम कंपनियों ने रसोई गैस का दाम एक बार फिर बढ़ा दिया है। अब यह 50 रुपए अधिक कीमत पर मिलेगा। रायपुर में अभी तक 14.2 किलोग्राम घरेलू रसोई गैस की कीमत एक हजार 74 रुपए थी।



बुधवार से ही नई दर से एक हजार 124 रुपए की कीमत पर सिलेंडर मिलने लगा है। अब से ठीक एक साल पहले यानी जुलाई 2021 में यही सिलेंडर केवल 906 रुपए में उपलब्ध था।

बताया जा रहा है कि पिछले 12 महीनों में रसोई गैस की कीमतों में 218 रुपए का इजाफा हो चुका है। रायपुर के रसोई गैस की कीमतों पर नजर डालें तो जुलाई 2021 में इसकी कीमत 906 रुपए थी। अगस्त में इसमें 25 रुपए की बढोत्तरी की गई। सितंबर में इसकी कीमत में 25 रुपए और जुड़ गए। अक्टूबर 2021 में 15 रुपए का इजाफा हुआ। नवम्बर 2021 से मार्च 2022 तक कीमतें लगभग स्थिर बनी रहीं।

अप्रैल 2022 में रसोई गैस की कीमतों में 77 रुपए और मई में 53 रुपए का इजाफा किया गया। वहीं अब तक एक सिलेंडर एक हजार 24 रुपए में उपलब्ध था। रायपुर में गैस एजेंसी के संचालक आशीष वाजपेयी ने बताया, आज से एक हजार 124 रुपए में घरेलू रसोई गैस का सिलेंडर मिलेगा। नई कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। उन्होंने कहा, कंपनियों ने पिछले दो महीनों में लगातार कीमतें बढ़ाई हैं।

## भाजपा बोली, 10 करोड़ रसोई गैस गरीबों को बांटा है

रसोई गैस की कीमतों के संबंध सवाल होने पर भाजपा विधायक दल के नेता धरमलाल कौशिक ने कहा, मोदी जी की सरकार बनने के बाद इस देश में 10 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन वंचित तबकों को वितरित किए गए हैं। यह उन लोगों को दिया गया जो अपने पैसे से इसे खरीदने में सक्षम नहीं रहे हैं। उनके लिए 200 रुपए की कमी की गई है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए यह बड़ी रियायत दी गई है। कौशिक ने कहा, पेट्रोल-डीजल की कीमत ऊपर-नीचे होते रहते हैं। फिर भी केंद्र सरकार ने बड़ी रियायत दी। राज्य सरकार से भी उनकी मांग है कि टैक्स कटौती कर इसे और सस्ता करें।

# छत्तीसगढ़ में 15 जुलाई तक होगा फसल बीमा

## फल-सब्जी-मसाला उत्पादक किसान 5प्रतिशत किस्त चुकाकर करा सकते हैं बीमा, बाढ़-सूखा और बीमारियों में क्षतिपूर्ति मिलेगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में उद्यानिकी यानी फल-सब्जी और मसालों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा 15 जुलाई तक कराया जा सकता है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया, तय तारीख तक किसान पांच प्रतिशत की तय किस्त अदा कर फसलों को बीमित कर सकते हैं। इससे उनको खराब मौसम और उसके प्रभाव से हुई बीमारियों से नुकसान में क्षतिपूर्ति मिलेगा।

अधिकारियों ने बताया, उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे किसानों को विपरीत मौसम से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना को पुनर्गठित किया गया है। इसमें कम तापमान, अधिक तापमान, बीमारी बढ़ाने वाले मौसम, कीट-बीमारियों का प्रकोप, कम या अधिक वर्षा की स्थिति, ओला वृष्टि, चक्रवाती हवा से होने वाला नुकसान शामिल है। बीमा कराने वाले किसानों को अधिसूचित फसल के अनुसार निर्धारित ऋणमान का 5त्न बीमा किस्त, कृषक अंश के रूप में जमा करना होगा। यह ऋणी और अऋणी दोनों प्रकार के किसानों को करना होगा। खरीफ-2022 के लिए सरकार ने टमाटर, केला, बैंगन, मिर्च, अदरक, पपीता और अमरूद को बीमा के लिए अधिसूचित फसल घोषित किया है।



# असम की बाढ़ है खतरे की घंटी, मौसम के पूर्वानुमान से पहले ही कर लेनी चाहिए तैयारी

असम के दरांग जिले के बासाचुबा गांव के लोग पहले मई और फिर जून में दो बार भयंकर बाढ़ से बेघर हो गए। अगर जुलाई में फिर इसी तरह से बारिश हुई, तो दरांग के गांवों में तीन महीने में फिर तीसरी बार बाढ़ आ सकती है। मौसम के पूर्वानुमान में जुलाई के अंत में भारी बारिश की आशंका व्यक्त की गई है, ऐसे में पूरे असम के ग्रामीण लोग सबसे बुरी स्थिति न आने के लिए केवल प्रार्थना कर सकते हैं।

दरांग वह जिला है, जहां ब्रह्मपुत्र नदी की कई सहायक नदियां भूटान से नीचे बहती हैं और नदी की मुख्यधारा में मिल जाती हैं। बासाचुबा के ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों तक बारिश होने से सहायक नदियों के दोनों किनारों पर तटबंध टूट गए, इससे दोनों तरफ के गांव डूब गए। एक ग्रामीण मृणमयनाथ बताते हैं, %गांव के ऊंचे इलाकों में भी घुटनों तक पानी भर गया। चार-पांच दिनों से पीने का पानी नहीं है क्योंकि नलकूप पानी में डूबे हुए हैं। यहां तक कि शौचालय भी पानी में डूब गए।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, असम की मौजूदा बाढ़ ने 181 लोगों की जान ले ली और 32 जिलों में करीब 50 लाख लोग प्रभावित हुए। कई जगहों पर गांवों को नदियों की बाढ़ से बचाने के लिए बनाए गए तटबंध टूट गए।




> असम में विभिन्न कारणों से बार-बार बाढ़ आने का खतरा रहता है। पहला, उच्च अवसादन और खड़ी ढलानों के कारण असम से गुजरते हुए ब्रह्मपुत्र नदी बेतरतीब ढंग से बहती है। दूसरा, असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ अन्य हिस्सों में बार-बार भूकंप आने का खतरा होता है, जो भूस्खलन का कारण बनता है।

ग्रामीणों पर यह आरोप लगा कि दक्षिणी असम में बराक नदी के खतरे के निशान पर पहुंचने के साथ उन्होंने अपने गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए बेथुकांडी बांध के एक बड़े हिस्से को काट दिया। इससे बराक नदी के तटबंध में बड़ा छेद हो गया और असम का दूसरा सबसे बड़ा शहर सिलचर बाढ़ की चपेट में आ गया।

सिलचर के निवासियों ने कहा कि शहर पूरे 18 दिनों तक कमर तक पानी में डूबा रहा। 83 साल के रंजीत नंदी ने कहा, %हमने कई बाढ़ देखी है, लेकिन 70 साल में ऐसी बाढ़ नहीं देखी। लगभग एक सप्ताह तक न बिजली थी, न पीने का पानी, न भोजन।% असहाय आबादी को पानी की बोतल एवं खाने के पैकेट उपलब्ध कराने के लिए कछार जिला प्रशासन को भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद लेनी पड़ी।

पुलिस ने बताया कि महिषा बील के निवासियों ने बराक नदी से अतिरिक्त पानी निकालने के लिए बेथुकांडी में तटबंध तोड़ दिया था। जल संसाधन विभाग के कार्यकारी अभियंता देबब्रत पाल ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने सिलचर में बाढ़ वाले इलाके में जाकर लोगों की तकलीफों को समझने की कोशिश की और जिला पुलिस को तटबंध काटने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निरंतर भारी बारिश के कारण लोगों को कोई राहत नहीं है। राज्य में 19 जून, 2022 तक 53.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जून के पहले 12 दिनों में कुल 528.5 मिलीमीटर बारिश हुई, जो 109 प्रतिशत अधिक थी। पृथ्वी के सबसे नम क्षेत्र मेघालय में जून में 1,215.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, नतीजतन 185 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई। भारी बारिश के चलते असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और अंत में मणिपुर में भयंकर भूस्खलन हुआ, जिसमें दर्जनों प्रादेशिक सेना के जवान और स्थानीय ग्रामीण दब गए। मणिपुर में हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या अब 27 हो गई, और 40 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। जलवायु वैज्ञानिक रॉक्सी मैथ्यू कोल ने इस अभूतपूर्व बारिश और बाढ़ के बाद पूर्वोत्तर में विनाशकारी भूस्खलन को दुर्लभ घटना बताया है। उन्होंने कहा कि प्रशांत क्षेत्र में ला नीना और हिंद महासागर में एक नकारात्मक द्विध्रुवीय संयोजन ने बंगाल की खाड़ी में दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर बहने वाली हवाओं को मजबूत किया है।

बंगाल की खाड़ी में ये तेज मानसूनी हवाएं अब पहले से कहीं अधिक नमी ला सकती हैं। बढ़ते तापमान के साथ वायुमंडलीय नमी की मात्रा बढ़ जाती है, क्योंकि गर्म हवा लंबे समय तक अधिक नमी रखती है। इसलिए अब हम जो भारी मात्रा में वर्षा देखते हैं, वह जलवायु परिवर्तन के कारण हो सकती है।

असम का अधिकांश हिस्सा बाढ़ से बचाव के लिए नदी के तटबंधों पर निर्भर है। लेकिन मई में तटबंध टूट गए और ठेकेदारों द्वारा जल्दबाजी में बनाए गए तटबंध जून में भारी बारिश के दौरान फिर से टूट गए। जिन कंपनियों को सरकार द्वारा ठेके दिए जाते हैं, उन्हें बार-बार तटबंध टूटने से लाभ हुआ। 19 जून, 2022 की असम राज्य आपदा प्रबंधन बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, असम के 20 जिलों में कुल 297 तटबंध टूट गए, जिनमें से 33 केवल दरांग जिले में हैं।

सुबीर भौमिक

## संपादकीय

### प्रतिबंधों का पलट-वार

रूस रुबल में कर्ज चुकाने की बात कह रहा है। जबकि पश्चिमी देशों का दावा है कि उसे ऐसा उस मुद्रा में करना होगा, जिसमें उसने कर्ज लिया था। जी-7 देशों के शिखर बैठक से ये बात साफ उभर कर सामने आई कि रूस पर पश्चिमी देशों ने जो प्रतिबंध लगाए हैं, उनके हुए उलटे असर वे परेशान हैं। नतीजतन, उन्होंने रूस से तेल खरीद की नई नीति घोषित की। इसके तहत अब तेल खरीद पर पूरा प्रतिबंध नहीं रहेगा, बल्कि एक पूर्व निर्धारित कीमत पर देशों को रूस से तेल खरीदने की इजाजत दी जाएगी। अब ये बात दीगर है कि जब पूरे प्रतिबंध के मामले में पश्चिमी देश रूस पर अपनी शर्तें नहीं थोप पाए, तो खरीदारी पर ये शर्त मानने के लिए वे रूस को कैसे मजबूर करेंगे। दूसरा एक बड़ा मुद्दा रूस के कर्ज चुकाने का है। अब ये साफ हो गया है कि रूस को वैश्विक वित्तीय सिस्टम से बाहर करने का नुकसान अब पश्चिमी संस्थाओं को भी होने जा रहा है। पश्चिमी देशों और वहां के मीडिया का दावा है कि रूस अपने दो बॉन्ड्स पर ब्याज की दस करोड़ डॉलर की रकम चुकाने में नाकाम रहा है। इस तरह वह डिफॉल्टर हो गया है। जबकि रूस का दावा है कि उसने समयसीमा के भीतर अपनी देनदारी पूरी कर दी। विवाद की जड़ में कर्ज चुकाने की अपनी-अपनी परिभाषाएं हैं। अमेरिका ने दावा किया है कि रूस का डिफॉल्टर होना अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों की सफलता है। जबकि रूस का कहना है कि उसने अपनी देनदारी का भुगतान समय पर कर दिया, लेकिन वह रकम यूरोक्लीयर में अटकी हुई है।

# काश! विवाह में अपनाई जाएं इंदौर के वर की यह नौ मांगें

सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से विवाह संस्कार को लेकर एक पोस्ट तेजी से घूम रही है। बड़ी संख्या में यूजर्स इसे लाइक, शेयर और कमेंट कर रहे हैं। जिस गति से यह पोस्ट आगे बढ़ाई जा रही है, उससे एक बात साफ है, हम में से बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो विवाह की चकाचौंध और तड़क-भड़क वाली परिपाटी में बदलाव ढूंढ रहे हैं। यूं कहें विवाह के दौरान हो रहीं ऊलजुलूल हरकतें बड़ी संख्या में लोगों को अब रास नहीं आ रही हैं। संभवतः इस पोस्ट में दीं बातें काल्पनिक हैं, लेकिन यह दिल को छू लेने वाली हैं।

पोस्ट कुछ इस प्रकार है। इंदौर में वर की मांगों से आश्चर्यचकित हुआ वधू परिवार। विवाह पूर्व एक लड़के की अनोखी मांगों से कन्या पक्ष हैरान है। लड़के की मांगों की चर्चा पूरे शहर में हो रही है। यह मांगें दहेज को लेकर नहीं, बल्कि विवाह संपन्न कराने के तरीके को लेकर हैं। अब जरा मांगों पर गौर फरमाएं। पहली मांग- कोई प्री वेडिंग शूट नहीं होगा। दूसरी मांग- वधू विवाह में लहंगे के बजाय साड़ी पहनेगी। तीसरी मांग - मैरिज लॉन में ऊलजुलूल अश्लील कानफोडू संगीत के बजाय हल्का इंस्ट्रूमेंटल संगीत बजेगा।

वरमाला के समय केवल वर-वधू ही स्टेज पर रहेंगे। पांचवीं मांग- वरमाला के समय वर या वधू को उठाकर उचकाने वालों को विवाह से निष्कासित कर दिया जाएगा। छठी मांग- पंडित जी द्वारा विवाह प्रक्रिया शुरू कर देने के बाद कोई उन्हें रोके-टोकेगा नहीं। सातवीं मांग- कैमरामैन फेरों आदि के चित्र दूर से लेगा, न कि बार-बार पंडित जी को टोककर। ये देवताओं का आह्वान करके उनके साक्ष्य में किया जा रहा विवाह समारोह है, ना की किसी फिल्म की शूटिंग। वर-वधू द्वारा कैमरामैन के कहने पर उल्टे-सीधे पोज नहीं बनाए जाएंगे।



> विवाह समारोह दिन में हो और शाम तक विदाई संपन्न हो, जिससे किसी भी मेहमान को रात 12 से 1 बजे खाना खाने से होने वाली समस्या जैसे अनिद्रा, एसिडिटी आदि से परेशान ना होना पड़े। मेहमानों को अपने घर पहुंचने में मध्य रात्रि तक का समय ना लगे और असुविधा ना हो। नौवीं मांग- नव विवाहित को सबके सामने किस या आलिंगन के लिए कहने वाले को तुरंत विवाह से निष्कासित कर दिया जाएगा।

विवाह समारोह दिन में हो और शाम तक विदाई संपन्न हो, जिससे किसी भी मेहमान को रात 12 से 1 बजे खाना खाने से होने वाली समस्या जैसे अनिद्रा, एसिडिटी आदि से परेशान ना होना पड़े। मेहमानों को अपने घर पहुंचने में मध्य रात्रि तक का समय ना लगे और असुविधा ना हो। नौवीं मांग- नव विवाहित को सबके सामने किस या आलिंगन के लिए कहने वाले को तुरंत विवाह से निष्कासित कर दिया जाएगा। कोई भी समझदार व्यक्ति इन मांगों को नकार नहीं सकता। यदि हम अपने बड़े बुजुर्गों से पूछेंगे तो वो बताएंगे कि उनका विवाह ऐसे ही सुंदर तरीके से संपन्न हुआ था। 70-80 के दशक में जब फोटो खींचने का चलन बढ़ा तो विवाह समारोह में कैमरा ने एंट्री कर ली। विवाह की अलबन बनने लगीं, लेकिन 90 के दशक की शुरुआत में वीडियो कैमरा की एंट्री हुई और बड़ा परिवर्तन विवाह समारोह में आ गया। अब फोटो के साथ वीडियो भी अनिवार्य हो चला था।

असली परिवर्तन इंटरनेट की एंट्री से शुरू हुआ। हम दुनिया से जुड़ चुके थे और विवाह समारोह चकाचौंध की तरफ बढ़ गए। करीब-करीब एक दशक पहले प्री-वेडिंग शूट की शुरुआत ने तो सबकुछ खुल्लम-खुला कर दिया। जहां पहले वर-वधू के विवाह पूर्व मिलना भी अच्छा नहीं माना जाता था, वहां ओपननेस के नाम पर सबकुछ जायज ठहरा दिया गया। अब तो लाखों-करोड़ रुपए के प्री-वेडिंग शूट्स ही हो रहे हैं, जो एक साधरण मध्यवर्गीय परिवार की पहुंच से दूर हैं, लेकिन चूंकि इसे विवाह का अनिवार्य अंग बना दिया गया है, सो मजबूरी में परिवार सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए जेब पर पड़ने वाले बोझ को दबी जुबान से स्वीकार कर रहे हैं।

विनोद पाठक

## मिला जुला

### किन्नौर में भूस्खलन होने से एनएच-5 बंद

# कुल्लू के मणिकर्ण में फटा बादल, चार लोग लापता

**कुल्लू**. हिमाचल प्रदेश में बारिश ने तबाही मचा रखी है। कुल्लू जिले के मणिकर्ण में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय छलाल पंचायत के प्रधान चुनी लाल के मुताबिक बादल फटने से चोज में एक होमस्टे, कैंपिंग साइट और एक पैदल पुल बाढ़ की चपेट में आने से बह गया है। हादसे में चार लोग भी बह गए हैं। सभी लोग कामगार बताए जा रहे हैं। वहीं, किन्नौर जिले में भूस्खलन होने की वजह से एनएच-5 बंद हो गया है। फिलहाल हाईवे को खोलने के लिए टीम लगी हुई है।



जानकारी के अनुसार, मणिकर्ण और कसोल के बीच बुधवार सुबह करीब 5 बजे बादल फटने के घटना हुई। इसके अलावा जिला कुल्लू के अंतर्गत मणिकर्ण घाटी की पार्वती नदी के सहायक नाले चोज गांव में बुधवार सुबह पानी एकाएक बढ़ गया। इस वजह से पार्वती नदी के किनारे स्थित एक कैंपिंग साइट पूरी तरह से तबाह हो गई है। केंपिंग साइट से कुछ लोगों के लापता होने की सूचना है।कुल्लू के अंतर्गत मणिकर्ण घाटी में बादल फटन से आई बाढ़ में मलाणा गांव के पास मलाणा पावर प्रोजेक्ट की एडिट 1 (टनल) के समीप नाला में एक स्थानीय महिला शाजी देवी (उम्र 34 वर्ष ) पत्नी सिंगाराम निवासी साराबेहड़ मलाणा जिला कुल्लू के पानी में बहने की सूचना है। इसके अतिरिक्त 10 से 12 घोड़े व लोगों की गाड़ियों के बहने की सूचना है। स्थानीय मलाणा पंचायत के उपप्रधान राजू राम ने बाढ़ में घोड़ों के बहने की पुष्टि की है। वहीं कई जगहों पर सड़क के बंद होने से पर्यटक व आम लोग फंसे हुए है।

### पहाड़ी में बादल फटने से मची तबाही

इससे पार्वती नदी का जलस्तर भी उफान पर है और पूरी पार्वती घाटी में अफरा-तफरी का माहौल है। पीछे पहाड़ी में बादल फटने से तबाही मची है। पार्वती नदी के किनारे स्थित पर्यटकों के लिए कैंपिंग साइट बनाई गई थी, यह बह गई है। जिला कुल्लू में हुई भारी बारिश से कई सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। खासकर मणिकर्ण घाटी के अधिकतर मार्ग बंद हो गए हैं और जगह-जगह भूस्खलन और पत्थर गिरने की घटना से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**भूस्खलन होने से एन-एच-5 सुबह से बंद - दूसरी ओर, झाकड़ी के नजदीक ब्रोनी खड्ड के पास भूस्खलन होने से एन-एच-5 सुबह से बंद है। हाईवे के बंद होने से किन्नौर के लिए संपर्क मार्ग बंद हो गया है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

### PM मोदी ने तेजस्वी यादव को फोन कर पूछा- कैसे हैं लालू यादव?



**आरजेडी** सुप्रीमो लालू यादव इन दिनों अस्पताल में भर्ती हैं। उनका इलाज पटना के पारस अस्पताल में चल रहा है। उन्हें देखने और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानने को लेकर नेताओं का अस्पताल में आना-जाना लगा हुआ है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को फोन कर लालू यादव की सेहत की जानकारी ली। पीएम मोदी ने लालू प्रसाद यादव के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जिस वक्त प्रधानमंत्री का फोन आया उस समय तेजस्वी यादव पारस अस्पताल में अपने पिता लालू यादव के पास ही थे। तब तेजस्वी यादव डॉक्टरों से लालू यादव के स्वास्थ्य के बारे में राय मशविरा ले रहे थे।

### राजद प्रमुख लालू प्रसाद हालत नाजुक

पटना के पारस अस्पताल में भर्ती बिहार के पूर्व सीएम व राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की हालत नाजुक है। उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली लाने की तैयारी की जा रही है। इस बीच, पीएम नरेंद्र मोदी ने लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव से फोन पर चर्चा कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। तेजस्वी ने बिहार की जनता से भावुक अपील भी की है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव रविवार को पटना में राबड़ी देवी के सरकारी आवास में गिर गए थे। इससे उनके कंधे की हड्डी टूट गई थी। शरीर के अन्य हिस्सों में भी उन्हें गंभीर चोटें आई थीं।

# पार्टी के बहाने IIT की छात्रा से IAS ने की छेड़छाड़, पहुंचा सलाखों के पीछे



**झारखंड** के खूंटी जिले के ह्वस अधिकारी सैयद रियाज अहमद पर कानून का शिकंजा और कस गया है. रियाज अहमद फिलहाल एसडीएम पद पर तैनात हैं. आरोप है कि सैयद रियाज अहमद ने एक आईआईटियन छात्रा से छेड़खानी की और जबरदस्ती उसका किस लेकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया. इस मामले में पीड़िता ने धारा 164 के तहत कोर्ट में अपने बयान दर्ज करवाए थे. जिसके बाद एसडीएम के ऊपर गैर-जमानती धाराओं के साथ 354, 354ए और 509 भी जोड़ दी गई हैं. इसके साथ ही एसडीएम सैयद रियाज अहमद को गिरफ्तार करके खूंटी जेल भेज दिया गया है.

**आईआईटी की छात्रा ने दी थी शिकायत-** खूंटी जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि आईआईटी से पास आउट एक छात्रा ने आरोपी आईएएस के खिलाफ शिकायत दी थी. वह इंटर्नशिप के लिए खूंटी जिले मे आई थी. उसकी शिकायत के आधार पर 4 जुलाई की रात में आरोपी आईएएस के खिलाफ केस दर्ज किया गया.

### 1 जुलाई को हुई थी शर्मनाक घटना

खूंटी के एसपी अमन कुमार के मुताबिक, 'हिमाचल प्रदेश के IIT की एक छात्रा बाकी सहपाठियो के साथ इंटर्नशिप के लिए जिले में आई थी. आईएएस सैयद रियाज अहमद ने अपने सरकारी आवास पर उनके ग्रुप के लिए 1 जुलाई को एक पार्टी रखी थी. आरोप है कि जब छात्रा अपने साथियों के साथ 2 जुलाई की सुबह जब पार्टी से निकलने लगी तो मौके का फायदा उठाकर आईएएस अधिकारी ने कथित तौर पर उसके साथ छेड़खानी की. इस दौरान आईएएस ने छात्रा के साथ जबरदस्ती किस किया और शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाला. छात्रा ने घटना की सूचना स्थानीय महिला थाना में दी.

### क्या है उद्धव का इशारा?

# वफादार शिवसैनिकों और गद्दारों के बीच फंसा हूं, बीच का रास्ता निकालूंगा

**मुंबई.** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने एक बार फिर सीएम एकनाथ शिंदे और बागी विधायकों पर हमला बोला। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि वो निष्ठावान शिवसैनिकों और गद्दारों के बीच फंसे हैं। लेकिन जल्द ही बीच का रास्ता निकाला जाएगा।

उद्धव के बयान से साफ है कि वो शिंदे समेत बागी शिवसेना विधायकों को बख्शने के मूड में नहीं है और महाराष्ट्र में बड़े राजनीतिक घटनाक्रम अभी और देखने को मिल सकते हैं। कभी शिवसेना का हिस्सा रहे और उद्धव ठाकरे के करीबी एकनाथ शिंदे आज उद्धव ठाकरे की आंख पर चुभते हैं। कारण- शिवसेना में टूट और महा विकास अघाड़ी सरकार का बाहर होना। शिंदे ने शिवसेना की वो हालत कर दी है कि 2019 चुनाव में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी रही शिवसेना विधानसभा में विपक्ष का पद भी नहीं पा सकी। उसकी जगह एनसीपी ने ली है और अजीत पवार विपक्ष के नेता हैं।



### गद्दारों और शिवसैनिकों के बीच फंसा

उद्धव ठाकरे ने कहा कि वो आज निष्ठावान शिवसैनिकों और गद्दारों के बीच फंस गए हैं। आज शिवसैनिकों के आंखों में आंसू है। लेकिन मैं जल्द ही बीच का रास्ता निकालूंगा। उन्होंने एक बार शिवसैनिकों से एकजुट होने की अपील की। शिंदे गुट पर हमला बोलते हुए ठाकरे ने कहा कि उनकी पीठ पर छुरा घोंपा गया। उनके साथ गद्दारी की गई। लेकिन शिवसेना इतने झटकों से घबराने वाली हैं। इससे पहले भी शिवसेना ऐसी परिस्थितियां देख चुकी है, इसलिए जल्द ही हम इससे उबर जाएंगे।

# यू .पी.में हंगामा छत्तीसगढ़ में हाथ की सफाई, कांग्रेस का दोहरा चरित्र

महासमुंद / पत्रकार वार्ता में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे ने यह भी कहा कि,2 जुलाई की रात को अकलतरा नगर पालिका जांजगीर जिले में वार्ड 2 पोंडी भट्ठा मोहल्ला में रात को एक अकेली महिला जिसकी उम्र 53 साल की थी, का बलात्कार होता है फिर दिल्ली के निर्भया कांड की तरह नृशंस हत्या कर दी जाती है।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

पुलिस की अधिकृत प्रेस विज्ञप्ति इस जघन्य अपराध की पुष्टि करती है । आरोपी सूरज भोई बाद में पकड़ा जाता है। वह अपना गुनाह कबूल करता है और नशे का जिक्र करता है। इसका भी वीडियो है। आज तक इस बात को लेकर कांग्रेस पार्टी से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है । हाथरस उत्तर प्रदेश में कोई घटना होती है तो राहुल गांधी और प्रियंका गांधी तुरंत पहुंच जाते हैं। प्रायोजित फर्जी भाभी का इंटरव्यू हो जाता है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और कांग्रेस के नेता राजनीति करने लग जाते हैं लेकिन जब छत्तीसगढ़ में किसी दलित बेटी के साथ ऐसी वारदात होती है तो ये उसे दबाने में लग जाते हैं। हर रोज गांव गांव शहर शहर दुष्कर्म हो रहे हैं। कहीं सरकार के अफसर आरोपी हैं तो कहीं पुलिस ही दुष्कर्म के आरोपी की एजेंट बनकर पीड़िता पर समझौता करने दबाव डालती है। छत्तीसगढ़ को भूपेश बघेल कहां ले जा रहे हैं। यहां पर मुंह क्यों बंद है ? कांग्रेस की सरकार में छत्तीसगढ़ की युवा पीढ़ी को सरकार क्यों भटका रही है। नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने और संस्कृति के नाम पर ढोंग करने वालों ने यह कैसा नवा छत्तीसगढ़ गढ़ दिया है। छत्तीसगढ़ नशे का गढ़ बन गया है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को भूपेश बघेल सरकार की नशा संस्कृति ने जकड़ लिया है और इसकी वजह से पूरे प्रदेश में अपराध की बाढ़ आ गई है। खासकर महिलाओं की अस्मत जान पर बन आई है। गंभीर मामलों को दबाया जा रहा है। निगरानी शुदा बदमाश खुले आम घूम रहे हैं। अकलतरा कांड का यह आरोपी भी ऐसा ही निगरानी बदमाश था।

सवाल यह है कि यह कैसी निगरानी है कि निगरानी शुदा बदमाश भूपेश बघेल सरकार की देन अनकंट्रोल नशा का सेवन करके किसी महिला के सम्मान और जीवन का विनाश कर देता है। इस सरकार ने संस्कृति से लेकर कानून व्यवस्था तक की धज्जियां उड़ा दी हैं। कागजी गृहमंत्री से कोई उम्मीद व्यर्थ है। लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह गया है। पत्रकार वार्ता में श्री पांडे के साथ क्षेत्रीय सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रहास चंद्राकर भी मौजूद थे।

## विद्युत दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को ज्यादा जागरूक बनाएं: कोसरिया

**कोरबा** । विद्युत दिखाई नहीं देती और असुरक्षित कार्य से हादसे की आशंका बनी रहती है। इसलिए विद्युत दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को ज्यादा जागरूक बनाएं। यह बातें राष्ट्रीय विद्युत संरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने व्यक्त किए। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 26 जून से 04 जुलाई तक राष्ट्रीय विद्युत संरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस दौरान जनजागरूकता के विभिन्न आयोजन भी कराए गए।

राष्ट्रीय विद्युत संरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में संरक्षा विभाग ने विद्युत से सुरक्षा पर बनी फिल्म का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे ने अच्छे कंडक्टर एवं विद्युत उपकरणों के इस्तेमाल पर जोर दिया। अतिरिक्त मुख्य अभियंता आलोक लकरा ने कहा कि कैपिसीटर में बिजली स्टोर रहती है। इसलिए कैपिसीटरयुक्त उपकरणों में सुधार के वक्त उसे डिस्चार्ज कर लेना चाहिए। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता रामजी सिंह, आरजी देवांगन और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ डॉ. आरके तिवारी ने भी विद्युत संरक्षा पर अपने विचार रखे।

# चिटफंड कंपनी केएमजे लैण्ड डेवलपर्स इंडिया लिमिटेड की लगभग 11 करोड की संप्पति कुर्की के अंतिम आदेश जारीए

## निवेशकों को अब वापस मिल सकेगा उनका रकम

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिये गये निर्देशों के पालन में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग बीएन मीणा के दिशा-निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा राजीव शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज तक 8 डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया गया है।



तथा एक मर्सिडीज कार और दो बंगले चण्ड़ीगढ़ सहित 72 एकड़ जमीन को चिन्हीत किया गया।

इसके अलावा पूर्व में हजारों लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले पीएसील कंपनी के फरार डायरेक्टर गुरजंत सिंह गिल को बेमेतरा पुलिस न केवल गिरफ्तार करने में सफल रही बल्कि कंपनी के नाम से खरीदे गये आलीसान बंगले जिनकी कीमत 15 करोड रूपये से उपर है का भी चिन्हाकंन करने में सफल रही। वर्तमान में यह संम्पत्ति कुर्की कार्यवाही हेतु प्रक्रियाधीन है। बेमेतरा पुलिस शासन की मंशा अनुसार चिटफंड कंपनियों के अधिक से अधिक संपत्ति चिन्हांकन कर कुर्की कर निवेशकों को ठगी का पैसा वापस दिलवाने एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में विगत 6 माह में अलग-अलग थानों में दर्ज कुल 11 प्रकरण में अलग-अलग चिटफंड कंपनियों के 8 डायरेक्टरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। जिसमें बीएनगोल्ड रियल स्टेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर अनील शर्मा निवासी पूणे महाराष्ट्र, विनय कुमार यादव, विकास कुमार यादव दोनों निवासी भोजपुर बिहार, बलजीत सिंह संधु निवासी जालंधर पंजाब, पीएसीएल कंपनी के डायरेक्टर अनुराग शर्मा निवासी चंडीगढ़, जोगेन्दर टाईगर निवासी पटियाला पंजाब, साई प्रकाश डेवलपमेंट कंपनी के डायरेक्टर मृगेन्द्र सिंह बघेल निवासी सहडोल मध्यप्रदेश, रायल लाईफ मार्केटिंग के फरार डायरेक्टर धनेन्द्र गजभिये निवासी बालाघाट को गिरफ्तार काने में सफलता प्राप्त हुई है।

ज्ञात हो की केएमजे डेवलपर्स इंडिया द्वारा बेमेतरा जिले के निवेशकों एवं प्रदेश के अन्य जिलों को निवेशको से करोड़ो रूपये का चुना लगाकर भाग गई थी जिसके डायरेक्टर संतोषी लाल राठौर एक लम्बे समय से फरार चल रहा है जिसके द्वारा सेबी की फर्जी एनओसी बनाकर बेमेतरा जिले मे 72 एकड़ जमीन जिसकी कीमत लगभग 11 करोड रूपये आंकी गई है को बेच दिया गया था इस संबंध में एक शिकायत बेमेतरा पुलिस अधीक्षक को प्राप्त हुई थी। जारी एनओसी की पुष्टि कराने हेतु सेबी को पत्र लिखा गया। सेबी ने कोई एनओसी जारी नहीं की गई ऐसा लेख किया गया। इस पर से पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला दण्डाधिकारी बेमेतरा को प्रतिवेदन भेजकर उक्त भूमिका नामांतरण कैंसल कराने प्रतिवेदन भेजा गया जिस पर से जिला दण्डाधिकारी द्वारा नामंतरण कैंसल कर कुर्की हेतु प्रथम आदेश जारी किया गया तथा अंतिम आदेश हेतु प्रकरण माननीय विशेष न्यायाधीश बेमेतरा को भेजा गया। इस पर माननीय विशेष न्यायाधीश बेमेतरा जयदीप विजय निमोणकर की आदालत द्वारा उक्त भूमिका की कुर्की के अंतिम आदेश जारी किये गये है। जिसकी नीलामी की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिससे बेमेतरा एवं छत्तीगढ़ के हजारों निवेशकों की खून-पसीने की कमाई के पैसे वापस मिलने की आशा जगी है।

## एक नजर

### जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने स्वच्छ विद्यालय अभियान की दिशा में अच्छे कार्य करने वाले स्कूलों को किया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




प्रदेश के गृह लोक निर्माण एवं जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभा कक्ष में किया गया। स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्कूलों में स्वच्छता और स्वच्छता अभियान में उत्कृष्टता को पहचानने, प्रेरित करने और स्वच्छता की आदत को बनाए रखने के लिए स्थापित किया गया है। स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार का उद्देश्य उन स्कूलों को सम्मानित करना है जिन्होंने स्वच्छ विद्यालय अभियान के जनादेश को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके मूल्यांकन का मापदंड पेयजलए प्रसाधन, साबुन से हाथ धोनाए स्कूल का व्यवस्थित संचालनए रख-रखाव, बच्चों के क्षमता निर्माण कोविड 19 के बचाव की तैयारी और प्रतिक्रिया पर अच्छा प्रदर्शन किया है। जिले के प्रभारी मंत्री ने स्वच्छ विद्यालय अभियान की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करने वाले स्कूलों को जिला स्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान महासमुंद विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकरए खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव, बसना विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह, सरायपाली विधायक किस्मत लाल नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, जनपद अध्यक्षयतेंद्र साहू, कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, जिला शिक्षा अधिकारी एस चंद्रसेन, डीएमसी अशोक शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बतादें कि जिले के 2254 स्कूलों द्वारा ऑनलाइन आवेदन जनवरी से अप्रैल माह तक किया गया। इसमें से 19 स्कूल ने एक स्टारए 129 स्कूल ने दो स्टार, 1083 स्कूल ने थ्री स्टार, 891 स्कूल ने चार स्टार, 111 स्कूल ने फाइव स्टार का रैंक प्राप्त किया। फाइव स्टार स्कूल का विकासखंड व जिला स्तरीय समिति द्वारा पुनः क्रास चेक किया गया। इसके उपरांत प्राप्त रैंक को आधार मानकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसेकेरा, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोमाखान, शासकीय उच्च प्राथमिक शाला लालपुर, शासकीय प्राथमिक शाला चनाट, केंद्रीय विद्यालय महासमुंद, शासकीय प्राथमिक शाला बाराड़ोली, जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली, प्रतिभा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बालसी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया, शासकीय प्राथमिक शाला तेंदूलोथा कला, प्राइवेट कारमेल कान्वेंट स्कूल बागबाहरा, शासकीय प्राथमिक शाला केलवारडबरी, शासकीय उच्च प्राथमिक शाला खरोरा, शासकीय आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल महासमुंद, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बावनकेरा, प्राइवेट ड्रीम इंडिया स्कूल महासमुंद, शासकीय प्राथमिक शाला कुहरी, चंद्रोदय पब्लिक स्कूल महासमुंद, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोण्डा, शासकीय प्राथमिक शाला शासकीय दुरूगपाली, प्राथमिक शाला बुनियादी पिथौरा, प्राइवेट सेंट फ्रांसिस स्कूल राजासेवईया खुर्द, द्रोण पब्लिक स्कूल पिथौरा, शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय किसड़ी, न्यू स्टीफन मॉडल स्कूल सरायपाली, शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह, शासकीय उच्च प्राथमिक शाला तोषगांव, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मोहदा को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर ने नगर निगम क्षेत्र में स्थित धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स का किया निरीक्षण

**कोरबा** । कलेक्टर संजीव झा ने आज राज्य शासन की सस्ती कीमत पर लोगों को जेनरिक दवाईयां उपलब्ध कराने के लिए स्थापित किये गये धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। उन्होने कोरबा शहर के कोसाबाडी चौक और पुराना बस स्टैण्ड में स्थित धनवंतरी मेडिकल स्टोर में पहुंचकर वहां उपलब्ध दवाईयों और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

# उजले-उजले नेता, काले काले कारनामें

## करोड़ों की नगदी ज्वेलरी व बेनामी संपत्ति के दस्तावेज आयकर विभाग को छापे में मिली



सूर्यकांत तिवारी






सौम्या चौरसिया

### राजनीतिज्ञ बनाम कारोबारी सूर्यकांत तिवारी पूछताछ के लिये अभी भी आयकर विभाग की कस्टडी में

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

बीते गुरूवार से रविवार तक आयकर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर छत्तीसगढ़ एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार केंद्रीय एजेंसी ने राज्य की सत्ता में खासा रसूख रखने वाले सूर्यकांत तिवारी और उनके सहयोगियों सहित खुद मुख्यमंत्री के डिप्टी सेक्रेटरी सौम्या चौरसिया को भी कार्रवाई के दायरे में लिया है। सूत्रों के मुताबिक कार्रवाई के तार हाल ही में कोरबा में जमीनों की बड़ी डील और कोयला कारोबार से जुड़े हैं।

### सूर्यकांत और उनसे जुड़े सहयोगियों के ठिकाने जांच के दायरे में

गत 30 जून को जब छत्तीसगढ़ के सत्ता प्रतिष्ठान और राजनीति से जुड़े चुनिंदा रसूखदारों के ठिकानों पर आयकर की कार्रवाई शुरू हुई तो यह स्पष्ट होते देर नहीं लगी कि इसके केंद्र में सूर्यकांत तिवारी ही हैं। चूंकि आयकर अमले ने राजधानी में उनके अनुपम नगर स्थित निवास से लेकर महासमुंद स्थित पैतृक आवास और उनके करीबी मित्रों के साथ कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और रायपुर में वीआईपी रोड स्थित एक पॉश कॉलोनी में उन्हीं ठिकानों को छानबीन के दायरे में लिया था। जो किसी न किसी रूप में उनसे संबंधित हैं। हालांकि जब आईटी की टीम ने संबंधित ठिकानों पर कार्रवाई को अंजाम दिया तब खुद सूर्यकांत तिवारी उनके सहयोगी चंद्राकर और हेमंत जायसवाल भी मौके पर मौजूद नहीं थे। सूत्रों के मुताबिक वे उस समय किसी अन्य राज्य में थे और केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें वहीं से पूछताछ की प्रक्रिया में शामिल किया था। इसके बाद उन्हें जुलाई की शाम को रायपुर लाया गया था।

### कोरबा की जमीन और कोयला कारोबार से जुड़े तार

सब जानते हैं कि कोयला छत्तीसगढ़ की अर्थ व्यस्था का अहम आधार है। इसी के चलते राज्य में कोयला खनन से लेकर उसके ट्रांसपोर्टेशन तक का बहुत बड़ा कारोबार है और इसमें सत्ता प्रतिष्ठान और राजनीतिक दलों से जुड़े बड़े रसूखदारों की भी भागीदारी है। यही वजह है कि राज्य की विधानसभा में भी पिछले करीब डेढ़ बरस से सदन के भीतर से लेकर बाहर तक कोयला ट्रांसपोर्टेशन के क्षेत्र में 25 रुपए प्रति टन विशेष सेवा शुल्क की चर्चा सरगर्म रही है। जानकार बताते हैं कि ऐसा नहीं है कि छग में कोयला ट्रांसपोर्टेशन में विशेष सेवा शुल्क की परंपरा अभी लागू हुई है। राज्य की व्यवस्था में ये परंपरा पहले से ही प्रभावी है। लेकिन पहले ये परंपरा इतनी केंद्रीयकृत और सशक्त नहीं थी जितनी अब हो गई है। कोयला कारोबार में इस अघोषित परंपरा और व्यववस्था का अहम केंद्र कोरबा ही है।

### कोल वॉशरी के लिए जमीनों की बड़ी डील

बताया जा रहा है कि आयकर की कार्रवाई के तार कोरबा में कोयला कारोबार से संबंधित जमीनों की बड़ी और बेशकीमती डील से जुड़े हैं। इनमें से एक जमीन कोरबा जिले की बरपाली तहसील में बताई गई है। जबकि दूसरी जमीन कोरबा के ही कोधारी इलाके के गांव जमनीपाली में बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक जमीनों की रजिस्ट्री 3 जून को टुकड़ों में हुई है। इसमें बहुत बड़ी राशि का निवेश हुआ है। चूंकि जिस इलाके में ये जमीनें खरीदी गईं हैं वहां कई कोल वॉशरी स्थापित हैं। इसलिए माना जा रहा है कि जमीनों का ये बड़ा सौदा यहां कोल वॉशरी लगाने के उद्देश्य से ही किया गया है। इसकी भनक लगने पर ठोस दस्तावेजी सबूत जुटाने के लिए ही आयकर की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया है।

### आखिर कौन है सूर्यकांत तिवारी?

सत्ताजगत में खासा रसूख रखने वाले सूर्यकांत तिवारी मूल रूप से महासमुंद के रहने वाले हैं। पूर्व में उनकी पहचान कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे विद्याचरण शुक्ल के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में रही है। बताते हैं कि विद्याचरण उन्हें बेटे जैसा स्नेह करते थे। कालांतर में वे अजीत जोगी के साथ नजर आने लगे। जानकार बताते हैं कि 2003 में प्रदेश में सत्ता की बाजी पलटने के बाद वे बीजेपी सरकार में दो प्रभावशाली मंत्रियों की नजदीकी हासिल करने में भी कामयाब रहे। सूर्यकांत तिवारी उस दौर में राजधानी के एक प्रभावशाली व्यवसायी के साथ भी खूब देखे गए। यह व्यवसायी विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। 15 सालों के शासन के बाद जब प्रदेश में पुनः कांग्रेस सरकार आई तो फिर से सत्ता के गलियारों में सूर्यकांत का नाम सूरज की तरह चमकने लगा। उन्हें करीब से जानने वाले बताते है कि सूर्यकांत तिवारी बेहद मृदुभाषी वे न सिर्फ बेहद चपलता से संकट मोचन की भूमिका निभाने में माहिर है बल्कि अपनी इस इमेज को सुनियोजित तरीके से प्रचारित कर इसे स्थापित करने में भी सिद्ध हस्त है।

### करोड़ रुपये से अधिक के कलेक्शन के साक्ष्य मिले

आयकर विभाग के बयान में बताया गया है कि तलाशी अभियान के दौरान दोषी ठहराने वाले कई दस्तावेज, खुली अकाउंट शीट्स और डिजिटल साक्ष्य मिले हैं और उन्हें जब्त कर लिया गया है। आयकर ने अपने बयान में कहा है कि कोयला व्यवसाय से जुड़े समूह अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली में राज्य भर में कोयला परिवहन पर गलत तरीके से नियमित कलेक्शन शामिल है। जिससे भारी बेहिसाब आय का सृजन होता है। इस तरह के कम समय में 200 करोड़ रुपये से अधिक के कलेक्शन के साक्ष्य मिले हैं। इसकी पुष्टि समूह के प्रमुख विश्वसनीय सहयोगियों ने की है। इसके अलावा सरकारी अधिकारियों को किए गए कुछ नकद भुगतानों की भी पहचान की गई है।

### चुनावों में भी नगद खर्च करने के सबूत मिले

आयकर विभाग के बयान में आगे बताया गया है कि जब्त किए गए सबूतों से यह भी संकेत मिल रहा है कि समूह ने कोल वाशरीज की खरीद में लगभग 45 करोड़ रुपये का बेहिसाब नकद भुगतान किया है। इसके अलावा, इसके भी सबूत मिले हैं कि हाल ही में हुए चुनावों के दौरान समूह द्वारा नकद खर्च किया गया है।

### तलाशी में मिली बेनामी संपत्ति की जानकारी

तलाशी अभियान में आयकर विभाग को बेनामी संपत्ति की भी जानकारी मिली है। आयकर विभाग के द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में संपत्ति के समझौते मिले हैं। जिससे पता चलता है कि अचल संपत्तियों के अधिग्रहण में भारी अघोषित निवेश किया गया है। जिसकी प्रकृति बेनामी प्रतीत होती है। सरकारी अधिकारी से संबंधित कथित मालिकों द्वारा 50 एकड़ अचल संपत्तियों के अधिग्रहण में किए गए निवेश के स्रोत की जांच की जा रही है।

### करोड़ रुपए की आय छिपाने की कोशिश

*आयकर विभाग की इस तलाशी अभियान के दौरान 9.5 करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित नकदी और 4.5 करोड़ रुपये के आभूषण अब तक जब्त किए जा चुके हैं। इसके अलाव तलाशी के दौरान जुटाए गए सबूतों की शुरुआती जांच में पता चला है कि समूह ने कई सौ करोड़ रुपए की आय दिखाने से बचने की कोशिश की है। यानी सैकड़ों करोड़ रुपए की आय को छुपाने की कोशिश की गई है। फिलहाल इस मामले में आयकर विभाग की जांच जारी है। तथा सूर्यकांत तिवारी से पूछताछ के लिये अभी तक आयकर विभाग की रिमांड पर है।*

# बाईक और पिकअप की टक्कर में एक की मौत दो घायल

## इलाज के लिए भेजा गया केशकाल अस्पताल

फरसगांव। नेशनल हाईवे 30 पर सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं जहां आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं . सड़क हादसों में कई की जान जा रही है तो गंभीर रूप से घायल भी हो रहे हैं ।





नेशनल हाईवे 30 बेड़मा और बहीगांव के बीच 6 जुलाई बुधवार को लगभग 5¬15 बजे एक पिकअप ने बाइक सवार दो युवक को ठोकर मारने के बाद जंगल में पेड़ से टकराई । इस घटना में बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई तो वहीं बाइक में पीछे बैठे युवक और पिकअप चालक घायल हो गया । घायलों को उपचार के लिए 108 की मदद से केशकाल अस्पताल भेजा गया है ।

जानकारी के अनुसार धनोरा ब्लाक के गांव बेलगांव निवासी भंजदेव नेताम और सोमारू मरकाम यह दोनों बाइक क्रमांक सीजी 27 एल 0182 में सवार होकर फरसगांव से अपने घर बेलगांव जा रहे थे , इसी बीच केशकाल से जगदलपुर की ओर जा रही पिकअप टीएन 05 बीएक्स 3537 ने बाइक को ठोकर मारने के बाद जंगल में पेड़ से टकराई ।

यह दुर्घटना में बाइक चालक भगदेव नेताम की मौके पर मौत हो गई तो वही उनके साथ पीछे बैठे सुमारू मरकाम और पिकअप का चालक घायल हो गया । जिन्हें 108 की सहायता से केशकाल अस्पताल भेजा गया । घटना की खबर लगने के बाद केशकाल पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को केशकाल चीरघर भिजवाकर घटना की जांच कर रही है । इसी बीच कोंडागांव पुलिस अधीक्षक दिव्याग पटेल जिले के निरीक्षण के दौरान केशकाल से कोंडागांव जाने के दौरान घटना के कुछ देर बाद घटना स्थल पहुचकर घटना का जायजा लिया ।

## कलकसा की महिलाओं ने कलेक्टर का किया आत्मीय स्वागत

**राजनांदगांव** । कलेक्टर डोमन सिंह आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कलकसा स्थित गौठान का अवलोकन किया। यहां उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना की। कलेक्टर के यहां पहुंचने पर महिलाओं ने कलेक्टर का आत्मीय स्वागत किया। महिलाओं ने बताया कि गौठान में फूलों की खेती से उनकी जिन्दगी फूलों की खुशबू की तरह महक उठी है। कलेक्टर ने कहा कि महिला समूह ने काफी परिश्रम किया है। जिससे उनके जीवन में खुशबू बिखर रही है। कलेक्टर ने यहां महिला समूह द्वारा बनाए जा रहे वर्मी कंपोस्ट खाद का भी अवलोकन किया। महिला समूह द्वारा अच्छी गुणवत्ता के कम्पोस्ट खाद का निर्माण किया जा रहा है। महिला समूह ने बताया कि गौठान में उनके द्वारा मुर्गीपालन भी किया जा रहा है।

## बस्तर गोंचा में भगवान जगन्नाथ को छप्पन भोग का किया गया अर्पण

### 9 बटुकों का नि :शुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार हुआ

**जगदलपुर** । बस्तर गोंचा महापर्व के तिथि अनुसार छंठवे दिन श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 360 घर ब्राह्मण समाज के द्वारा 09 बटुकों जिसमें देवेश पिता जगन्नाथ पानीग्राही, सुमित पिता मोहन पानीग्राही, युवराज पिता मेघनाथ जोशी, राजेंद्र पिता सुरेश जोशी, भोलेंद्र पिता सुरेश जोशी, मोहित पिता स्वर्गीय बसंत पानी ग्रही हर्षित पिता कुलदीप पानीग्राही, मोहन पिता स्व. बसंत पानीग्राही, हर्षित पिता कुलदीप पानीग्राही, मोहित पिता केशव पाढ़ी, मितेश पिता गोपाल पांडे का नि:शुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न किया गया। वहीं गुंडिचा मंदिर-सिरहासार भवन में देर शाम को भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद स्वामी को छप्पन भोग का अर्पण किया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पंहुचे श्रद्धालुओं को छप्पन भोग के प्रसाद का वितरण किया गया। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर नाथ खम्बारी ने बताया कि श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर में आज 09 बटुकों का नि:शुल्क सामुहिक उपनयन संस्कार संपन्न किया गया। बटुकों को दीक्षा उपरांत समाज के वरिष्ठजनों द्वारा को आशीर्वाद दिया, इसके अलावा एक विवाह भी संपन्न किया गया। समाज के द्वारा नि:शुल्क सामुहिक उपनयन संस्कार का आयोजन रामनवमी को भी आयोतिज किया जाता है। वहीं आज बस्तर गोंचा महापर्व में परंपरानुसार पूजा-अर्चना के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी को छप्पन भोग का अर्पण गया। छप्पन भोग में दाल, चावल, दही, चटनी, खीर, सब्जी, फल, पूड़ी, चंद्रकला, रबड़ी, रसगुल्ला, शूली, मालपुआ, पारिखा, सौंफलघा, जलेबी, इलायची, पान आदि के साथ बड़ी मात्रा में पकवान शामिल किया जाता है।

## ग्राम मोहभट्ठा में हुआ जन-चौपाल शिविर का आयोजन

### कलेक्टर ने किया 10 किसानों को ऋण पुस्तिका का वितरण, शिविर में 250 में से 226 आवेदनों का किया गया मौके पर निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्या को समझने और यथा सम्भव निराकरण करने के उद्देश्य से आज विकासखण्ड बेरला के ग्राम मोहभट्ठा में अनुविभाग स्तरीय जन-चौपाल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित हुए। शिविर में प्राप्त 250 आवेदनों में से 226 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। बरसात के मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति कायम रही और ग्रामीणों के लिए यह शिविर लाभकारी रहा। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने ग्रामीणों से रु-ब-रु होकर उनकी समस्याएं सुनीं और विभागीय अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में संबोधित करते हुए कहा कि जिले में यह मेरा प्रथम शिविर भ्रमण है, यहां आप सभी लोगों के बीच आकर मुझे अच्छा



लगा। जिला प्रशासन के शिविर का आशय है कि शिविर के माध्यम से गांव के लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं मिलें, उनका जीवन सहज तथा सरल हो, शासन की योजनाओं का लाभ सरलता से मिले, समस्याओं के निराकरण के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ें, इसी उद्देश्य से सभी विभाग के अधिकारियो की उपस्थिति में जन चौपाल शिविर के माध्यम से समस्याएं सुन मौके पर निराकरण किया जाएगा। राजस्व विभाग द्वारा 10 किसानों को किसान किताब ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया और नामांतरण के 99 प्रकरण निराकृत किए गए। शिविर में 31 राशन कार्ड बनाकर वितरित किया गया साथ ही आय, जाति एवं निवास के 97 प्रमाण पत्र बनाया गया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित पुस्तक, बुकलेट का नि:शुल्क वितरण किया गया। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतर लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला संदीप ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ सीपीमनहर, नायब तहसीलदार नीलम पिस्दा, मोहभट्ठा के सरपंच भूषण पाल सहित जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्ट्री के पुराने दिनों को ओपी ने याद किया

### जांजगीर स्थित केंदीय विद्यालय को देख ओपी को पुराने दिन याद आए

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

संगठन के व्यस्तम दौरे के मध्य जांजगीर जिले में खोखरा रोड के निकट से गुजरते समय केद्रीय विद्यालय का बोर्ड को देखकर प्रदेश भाजपा नेता ओपी चौधरी की पुरानी यादें ताजा हो गई। सोशल मंच में केंद्रीय स्कूल से जुड़ी यादों को तरोताजा करते हुए ओपी चौधरी भावुक भी हुए।






सोशल मंच में ओपी चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1998 के दौरान जिला निर्माण के बावजूद16 वर्षों तक केंद्रीय विद्यालय का निर्माण नहीं हो पाया था। 2014 के दौरान बतौर कलेक्टर उनकी पदस्थापना इस जिले में हुई। ओपी का मानना है लक्ष्य हासिल करने में जितनी बड़ी बाधा हो उसे संकल्प शक्ति के जरिए आसानी से पार किया जा सकता है। कलेक्टर बनते ही उन्होंने केंद्रीय स्कूल निर्माण की दिशा में प्रयास तेज किए। पालीटेकनिक कालेज कैम्पस में अस्थायी शुरुआत की गई। इसके बाद केंद्रीय विद्यालय के निर्माण हेतु जांजगीर-चाम्पा के मध्य कुलिपोटा में जमीन आबंटित की गई। एनएच घोषित होने की वजह से आबंटित जमीन दो हिस्सों में बंटने के कारण आवंटन निरस्त हो गया। ओपी ने नया क्षेत्र खोखरा स्थित जमीन का आबंटन कर स्कूल निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।

शिक्षा के इस पावन व वृहद मंदिर को देखकर आत्मिक संतोष हासिल करने वाले ओपी चौधरी को छग प्रदेश के बदलाव के महानायक के रूप में देखा जा रहा है। नक्सल क्षेत्र के अंधकार में शिक्षा के जरिए आलोक फैलाने वाले ओपी के प्रयासों को केंद्र की मनमोहन सरकार ने सराहा तो वही राज्य की तात्कालिक रमन सरकार ने भी ओपी के माडल को अपनी योजनाओं में शामिल किया। कार्यों का उद्देश्य जन सेवा को समर्पित हो तो चाहे पक्ष हो या विपक्ष मिलते जन समर्थन के प्रवाह को रोक पाना किसी के बस में नहीं होता।

## एक नजर

### जिले में अब तक 167 मिमीण् औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 6 जुलाई 2022 सवेरे 8 बजे तक की स्थिति में जिले में 167.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक 220.6 मिमी वर्षा बेमेतरा तहसील में तथा न्यूनतम 119 मिमी वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार थानखम्हरिया तहसील मे 202.7 मिमी वर्षा, बेरला तहसील में 121.8 मिमी तथा साजा तहसील मे 172.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### कलेक्टर झा के निर्देश पर तत्काल हटाये गये प्रधान पाठक

जनचौपाल में 130 लोगों ने दिये आवेदन

**कोरबा** । जनचौपाल में प्रधान पाठक के खिलाफशारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित करने के संबंध में मिली शिकायत पर कलेक्टर संजीव झा ने तत्परता दिखाते हुए कार्यवाही की है। कलेक्टर झा के निर्देश पर प्राथमिक शाला सुतर्रा में पदस्थ प्रधान पाठक महेत्तर लाल पटेल को मूल पदस्थापना से अन्य जनपद के प्राथमिक शाला में संलग्न किया गया है। जन चौपाल में प्रधान पाठक के खिलाफ शारीरिक और मानसिक प्रताडना के गंभीर शिकायत प्राप्त हुआ था। इस संबंध में कलेक्टर झा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को पूरे प्रकरण की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा प्रधान पाठक को अन्य स्कूल में पदस्थ करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये थे। कलेक्टर के निर्देश पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर दिये है। उन्होने बताया कि स्कूल की एक अन्य शिक्षिका के विरूद्व गंभीर शिकायत प्राप्त हुआ है। उन्हे भी दूसरे जनपद के प्राथमिक शाला में संलग्न किया गया है। आज आयोजित जनचौपाल में एडीएम विजेन्द्र पाटले, डी.एफओ. कोरबा प्रियंका पाण्डेय, डीएफ्ओ कटघोरा प्रेमलता यादव, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय सहित सभी विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले वासियों ने अपनी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर संजीव झा ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित जनचौपाल में लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निदान के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। जन चौपाल में 130 लोगों ने कलेक्टर झा को अपनी समस्याओं-सुझावों से अवगत कराया। कलेक्टर झा ने संवेदनशीलता के साथ पहल करके नागरिकों की मदद करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने पात्रतानुसार सभी जरूरतमंदो की सहायता कर लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

मेधावी छात्रा को मेडिकल कोचिंग के लिए मिलेगी सहायता, कलेक्टर झा ने दिये निर्देश- जन चौपाल में आज ग्राम रलिया निवासी सुन्दर लाल खुंटे ने अपनी मेधावी पुत्री को मेडिकल कोचिंग दिलाने में सहायता प्रदान करने के संबंध में कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। कमजोर आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए उन्होने बच्ची की पढाई के लिए जिला प्रशासन से मदद मांगी। कलेक्टर झा ने आवेदन पर संज्ञान लेते हुए सुन्दर लाल की पुत्री कुमारी रितु खुंटे के नीट कोचिंग के लिए जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक मदद करने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिये।


आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


## यूथ एक्सचेन्ज प्रोग्राम के तहत 21 युवक और 9 युवतियों को देहरादून भ्रमण के लिए भेजा गया

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

13 वीं ट्राईवल यूथ एक्सचेन्ज प्रोग्राम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा जिला के आदिवासी युवाओं व युवतियों को सीआरपीएफ, 2 री वाहिनी द्वारा 27 जून से 4 जुलाई तक युवाओं को जागरूक करने के मकसद से नेहरू युवा केन्द्र संगठन की सहायता से सुकमा जिले के घोर नक्सल प्रभावित ईलाके गोण्डपल्ली, कोन्डरे, मुंगा, पोलमपल्ली, तमीलवाड़ा, डुब्बाकोन्टा, ईन्जीराम, आशीरगुड़ा, मणीकोन्टा एवं ऐर्राबोरे आदि गांवों से देहरादून उत्तराखंड के लिए भेजा गया था ताकि वे भारत देश के विकास को नजदीक से देख सकें और वापस आने पर अपने क्षेत्र के लोगों को इससे सम्बन्धित सभी प्रकार की जानकारी को साझा करें व अपने क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकें। इस कार्यक्रम के तहत




21 युवक और 9 युवतियों को देहरादून उत्तराखंड भ्रमण के लिए भेजा गया था। जिनके भ्रमण से आने के उपरांत 2 री वाहिनी के टशी ज्ञालिक, कमाण्डेन्ट द्वारा इन युवाओं से यात्रा के विभिन्न पहलुओं एवं अनुभवों के बारे में पूछा गया। युवाओं व युवतियों द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के भ्रमण से वे सभी जागरूक हुए है तथा मन में एक नई लालसा लेकर लौटे हैं, क्योंकि उन सभी को देश के उन क्षेत्रों में विकास की बयार को नजदीक से हो रहे तरक्की के साथ-साथ देश के सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहर को देखने का अवसर प्राप्त हुआ।

साथ ही उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए यह भी बताया कि भविष्य में भी इस तरह का पहल सरकार द्वारा जारी रखा जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक आदिवासी युवक व युवतिओं को अपने देश के वास्तविक तस्वीर को नजदीक से देखने का मौका मिलता रहे।

कमाण्डेन्ट 02 री वाहिनी ने युवाओं को संबोधित करते हुए यह आशा जताई कि इस कार्यक्रम से यहां के युवाओं को जो अनुभव प्राप्त हुआ है वो अपने क्षेत्र के लोगों के साथ आदान-प्रदान तथा चर्चा करेंगे। इस मौके पर 02 री वाहिनी के नवीन राणा, द्वितीय कमान अधिकारी, अनामी शरण द्वितीय कमान अधिकारी, कुलदीप कुमार उप कमाण्डेन्ट व संजीव कुमार, उप कमाण्डेन्ट, अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित थे। टशी ज्ञालिक, कमाण्डेन्ट ने इस अपील एवं आशा के साथ युवाओं को अपने-अपने स्थानीय गांव के लिए रवाना किया कि वे अपने अनुभवों को सकारात्मक रूप में स्थानीय लोगों से साझा करेंगें व इस क्षेत्र के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

## थाना कुकानार क्षेत्र 1 महिला सहित 4 स्थाई वारंटी नक्सलियों ने किये आत्मसमर्पण

### 2 आत्मसमर्पित नक्सलियों पर पुलिस अधीक्षक सुकमा द्वारा 2000-2000 का घोषित है इनामी

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिले में वरिष्ठ अधिकारी द्वारा चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरूवात से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय व आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाली हिंसा से तंग आकर समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सामान्य जीवन जीने के उद्देश्य से 1 महिला सहित 4 नक्सलीं सदस्यों पोड़ियामी हांदा सीएनएम सदस्य, कुंजामी हुंगा जनमिलिशया सदस्य, कुंजामी जोगा जनमिलिशिया सदस्य, सोड़ी देवे जनमिलिशया सदस्य सभी का साकिनान थाना कुकानार क्षेत्र द्वारा



बुधवार को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में कुलदीप कुमार जैन कमांडेंट 226 वाहिनी सीआरपीएफ किरन चव्हाण अति. पुलिस अधीक्षक नक्स ऑप्स सुकमा, अजीत भाटी टूआईसी 226 वाहिनी सीआरपीएफ मुक्तिनाथ पाण्डेय, सहायक कमांडेंट 226 वाहिनी सीआपीएफ एवं परमेश्वर तिलकवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किये गये। नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने हेतु प्रोत्साहित करवाने में 226 वाहिनी के विशेष सूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा है। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय किया जायेगा।

# अमृता सुभाष स्टारर वेब सीरीज 8 जुलाई को होगी रिलीज




राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री अमृता सुभाष जल्द ही आगामी वेब श्रृंखला सास बहू आचार प्राइवेट लिमिटेड में एक्ट्रेस के रूप में नजर आने वाली हैं, जिसका ट्रेलर रिलीज होगा। शो की लीड बनने के लिए अभिनेत्री अच्छा महसूस कर रही हैं। अपूर्व सिंह कार्की द्वारा निर्देशित और अभिषेक श्रीवास्तव और स्वर्णदीप बिस्वास द्वारा लिखित, अरुणाभ कुमार और अपूर्व सिंह कार्की द्वारा निर्मित, 6-एपिसोड की वेब श्रृंखला का प्रीमियर 8 जुलाई को होगा।

शो के बारे में बात करते हुए, अमृता ने कहा, सास बहू आचार एक विशेष परियोजना है क्योंकि सुमन का चरित्र मेरे द्वारा पहले निभाई गई किसी भी चीज के विपरीत है। वह विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी पहचान बनाने के लिए एक ताकत है।

# वरिना हुसैन ने अपनी प्यारी और हॉट अदाओं से किया लोगों के दिलो को मदहोश



वरीना ने सोशल मीडिया पर रेड ऑउटफिट पहने अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो हॉटनेस और बोल्डनेस का प्रतीक हैं। वरीना ने एक छोटी, लाल रंग की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी थी, जिसमें एक प्यारी सी नेकलाइन और एक गोल्डन चेन स्ट्रैप था।

बॉलीवुड अभिनेत्रियों पर जिम्मेदारी का बोझ भारी होता है। हम केवल उनके द्वारा चुने गए पात्रों की बात नहीं कर रहे हैं; हम यह भी संकेत दे रहे हैं कि वे कितनी बार हमारे लिए फैशन आइकन भी बन जाते है। बी-टाउन की सुंदरियों को बड़ी संख्याओं मे प्रशंसक पसंद करते है, और उनके द्वारा अपनाए जाने वाले हर नए स्टाइल को उनके प्रशंशक तुरंत अपना लेते हैं। हाल ही मे हमने एक नया ट्रेंड है जहा सारी अभिनेत्रियां लाल रंग की पोशाख कैर्री करते नजर आई. वरीना हुसैन, जो टिनसेल टाउन की एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, उन्होंने अपनी इन शानदार तस्वीरों से शहर को लाल रंग में रंगीन कर दिया हैं। वरीना ने सोशल मीडिया पर रेड ऑउटफिट पहने अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो हॉटनेस और बोल्डनेस का प्रतीक हैं। वरीना ने एक छोटी, लाल रंग की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी थी, जिसमें एक प्यारी सी नेकलाइन और एक गोल्डन चेन स्ट्रैप था। हालांकि ऑउटफिट काफी सिंपल सा था,पर जिस तरह से इसने वरीना के टोंड फिगर को दर्शाया,उसने प्रशंसकों के दिलों में धमाकेदार सुंदरता की छाप छोड़ी है। मेकअप की बात करे तोह, वरीना ने सिंपल सटल मेकअप लुक किया था, जहा अभिनेत्री ने ग्लैम आने थोड़ा ब्लश और लाइट पिंक कलर की लिपस्टिक लगाई थी, और उन लम्बे लैशेस को मस्कारा लगया जोह उन प्यारी आंखों में ग्लैमर दरशाता है।अभिनेत्री ने अपने लम्बे घने बालों को खुला छोड़ा था। उसने ड्रेस को उन ट्रांसलूसेंट सॉलिड ट्रफल स्ट्रिप्ड रेड हील्स के साथ पेयर किया।

# अलौकिक शो ने मुझे हमेशा आकर्षित किया : न्यारा एम बनर्जी



अभिनेत्री न्यारा एम बनर्जी जल्द ही ऑन-एयर शो पिशाचिनी में एक शैतान के रूप में नजर आएंगी। अलौकिक शैली में यह उनका दूसरा प्रोजेक्ट है और अभिनेत्री इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा, मैं नाममात्र की भूमिका निभा रही हूं। मेरा नाम रानी है। बरेली का शहर, जहां रानी, पिशाचिनी को छोड़ दिया गया है, पिशाचिनी कहानी का केंद्र बिंदु होगा, उन्होंने कहा, यहां तक कि मेरा पहला शो दिव्य दृष्टि भी सुपरनैचुरल था। इसे देखना मजेदार होगा क्योंकि मैं ग्रे शेड निभा रही हूं फिर भी मैं हीरोइन हूं।

अलौकिक शो ने मुझे हमेशा आकर्षित किया है और मैं पिशाचिनी का हिस्सा बनकर खुश हूं। रानी सबसे जटिल पात्रों में से एक है जिसे मैंने कभी चित्रित किया है।

न्यारा के कामुक अवतार ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है, और दर्शक उनके पिशाचिनी अवतार को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते।

उन्होंने साझा किया कि, वह प्रोमो की शुरूआती प्रतिक्रिया से काफी खुश है और कहा, अब तक मुझे दर्शकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इस तरह के शो बनाए गए हैं और बनाए जा रहे हैं, लेकिन मेरा चरित्र सभी से काफी अलग है। और मैं अपने प्रशंसकों और दर्शकों को यह देखने के लिए इंतजार नहीं करा सकती कि उनके रास्ते में और क्या है।

उन्होंने कहा, मुझे नाटकीय भूमिकाएं पसंद हैं, और यह शो एकदम सही है। अगर मुझे स्टंट करने को मिले तो यह भी दिलचस्प होगा क्योंकि मैं एक पिशाचिनी और एक अलौकिक चरित्र हूं।

न्यारा का मानना है कि एक अभिनेत्री होने के नाते उन्हें ग्लैमरस होने की जरूरत है, चाहे वह ऑफ-स्क्रीन हो या ऑन-स्क्रीन, और खुद को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करती है।

उन्होंने आगे कहा, मैं कसरत करती हूं, मैं वजन उठाती हूं, और आहार बनाए रखने की कोशिश करती हूं। हालांकि मैं बिल्कुल भी सख्त नहीं हूं।

# भिंडी का सेवन करना सेहत के लिए है लाभकारी जानिए इसके बेमिसाल फायदे



भिंडी में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है अगर आप रोजाना 100 ग्राम भिंडी का सेवन करेंगे तो आपकी बॉडी के लिए आवश्यक विटामिन सी की मात्रा का 38 त्न इससे पूरा हो जाता है विटामिन सी कई बीमारियों और संक्रमण से सुरक्षित रखने में सहायता करता है भिंडी से न केवल बॉडी को पोषक तत्व मिलते है बल्कि इसके सेवन से वजन भी कंट्रोल होता है यह एक ऐसी हरी सब्जी है जिससे कई बीमारियां भी दूर रहती है यह ब्लड शुगर कंट्रोल करने में काफी सहायक है डायबिटीज के मरीजों के लिए भिंडी किसी वरदान से कम नहीं है

**वजन कम करने के लिए**

भिंडी वजन घटाने में काफी लाभकारी है इस सब्जी में फाइबर की प्रचुर मात्रा पाई जाती है ऐसे में इसके सेवन से वेट कम करने में सहायता मिलती है यानि इस सब्जी से आपको बिल्कुल भी कैलोरी नहीं मिलेगी जिससे वजन कम करने में सहायता मिलती है

**कैंसर में भी मिलेगी सहायता**

कैंसर में भी भिंडी काफी लाभकारी होती है अगर आप इसे डाइट में शामिल करेंगे तो इससे आपकी आंतों में मौजूद विषैले तत्व दूर हो जाते है यानि यह सब्जी आंतों के लिए बहुत लाभकारी है

## डायबिटीज के मरीजों के लिए लाभकारी

*डायबिटीज के मरीजों के लिए भिंडी किसी वरदान से कम नहीं है अगर आप भिंडी को अपनी डाइट में शामिल करते है तो यह किसी वरदान से कम नहीं है गंभीर मरीजों को इसे खाने से पहले डॉक्टर से राय लेनी चाहिए भिंडी में फाइबर की प्रचुर मात्रा में पाया जाता है इसकी इस खासियत के कारण न केवल पेट देर तक भरा रहता है बल्कि पाचन भी दुरस्त बना रहता है इसके सेवन से फाइट इकट्ठा नहीं होता है तोड़े से व्यायाम की सहायता से फैट को तेजी से बर्न करने में सहायता मिलती है।*

# आइब्रो में हो गए हैं दाने तो अपनाए ये घरेलू नुस्खे

भौहों में बालों के बीच होने वाले दानों से कई लोग परेशान रहते हैं। जी हाँ, दुनिया में कई लोग हैं जो भौहों में बालों के बीच होने वाले दानों को लेकर परेशान रहते हैं और कुछ कर नहीं पाते।



कई बार ये दाने दर्द करते हैं और इनसे निजात पाना आसान नहीं होता। हालाँकि अगर आप भी अक्सर इस समस्या को झेलते हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए आप इन घरेलू नुस्खों को आजमा सकते हैं जिनके बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं।

**हल्दी का लेप-** अगर आप चाहे तो, आइब्रो में होने वाले दानों से राहत के लिए हल्दी का लेप लगा सकते हैं। जी दरअसलहल्दी के एंटीसेप्टिक गुण दानों को कुछ ही समय में कम कर देंगे और इनसे होने वाले दर्द से भी आपको राहत मिल सकती है।

**बर्फ की सिकाई-** अगर आपको आंखों के आसपास और आइब्रो में पिंपल या दाने के होने पर इसका तुरंत इलाज करना है तो ऐसी स्थिति में आपको आइब्रो पर बर्फ की सिकाई करनी है। इसके लिए एक कॉटन के कपड़े में बर्फ लें और इसे दाने पर कुछ मिनटों के लिए लगाए रखें।

**खीरे का रस-** आप खीरे के रस से आइब्रो में हुए दानों का इलाज कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें गुलाब जल मिलाकर आइब्रो पर लगाएं। इससे दाने तो कम होंगे ही, साथ ही ठंडक भी मिलेगा।

**दालचीनी पाउडर-** मसाले के रूप में किचन में इस्तेमाल होने वाली दालचीनी को दानों के इलाज में भी बेस्ट माना जाता है। आप दालचीनी पाउडर में शहद मिलाकर इसे भौह में दाने पर लगाएं और रात भर के लिए छोड़ दें और कुछ समय में आप फर्क पाएंगे।

## खेल

# मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट

पीवीं सिंधु ने चीनी खिलाड़ी बिंग जियाओ से पहला गेम जीता; साईं प्रणीत ने किया जीत के साथ आगाज

मलेशिया। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु आज से मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का आगाज करेंगी।




सिंधु का पहला मुकाबला चीनी खिलाड़ी बिंग जियाओ है। वहीं साईं प्रणीत ने टूर्नामेंट में जीत के साथ अगाज किया है। उन्होंने पहले राउंड में टोक्यो ओलिंपिक के सेमीफाइनलिस्ट केविन कॉर्डन गौतेमाला 21-8, 21-9 से हराया।

### पहला गेम सिंधु आसानी से जीता

सिंधु ने चीनी खिलाड़ी बिंग जियाओ के खिलाफ पहला गेम जीत लिया है। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में जियाओ को 21-13 से हराया। इस गेम में ही एक केवल एक ही बार स्कोर बराबरी पर रहा। तब स्कोर 2-2 की बराबरी पर था। उसके बाद भारतीय स्टार ने लगातार बढ़त बनाते हुए इस गेम को एक तरफा जीत लिया।

### बिंग जियाओ का पलड़ा रहा है भारी

इस मुकबाले से पहले बिंग जियाओ और सिंधु 18 बार एक-दूसरे का सामना कर चुकी हैं। जिसमें सिंधु को 8 बार जीत मिली है और 10 बार हार का सामना करना पड़ा है। इंडोनेशिया ओपन में जियाओ ने सिंधु को पहले ही दौर में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। वहीं दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट सिंधु 2016 में मास्टर्स का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। वहीं दो बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी जियाओ 2015 में मास्टर्स ओपना का खिताब जीती थीं।

पीवी सिंधु ने इस साल सैयद मोदी इंटरनेशनल और स्विस ओपन के रूप में दो सुपर 300 खिताब जीते हैं। हालांकि सिंधु वर्ल्ड टूर स्पर्धाओं के क्वार्टर और सेमीफाइनल में लगातार पहुंच रही हैं, लेकिन शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ वह थोड़ी कमजोर दिख रही हैं।

इस साल कई टूर्नामेंट्स के आखिरी के कुछ मैचों में उन्हें थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन, चीन की चेन यू फेई और ही बिंग जियाओ, कोरिया की आन से यंग और चीनी ताइपे की ताई जू यिंग जैसी खिलाड़ियों के खिलाफ हार का सामना सामना करना पड़ा है।

# भारत दौरे के लिए अभी से तैयारी कर रहा ऑस्ट्रेलिया



**मेलबोर्न ।** ऑस्ट्रेलिया की टीम भले ही श्रीलंका दौरे पर गई हो लेकिन उनका पूरा ध्यान अगले साल होने वाले भारत दौरे पर है। पहले टेस्ट में जीत के बाद अगले टेस्ट में ड्रॉ भी एशिया में उन्हें लगातार दूसरी सीरीज़ जिता सकता है। इससे पहले उन्होंने इसी साल पाकिस्तान को हराया था, जो कि ऑस्ट्रेलिया की एशिया में 11 साल बाद कोई पहली टेस्ट सीरीज़ जीत थी। 2004 के बाद से ऑस्ट्रेलिया भारत में कोई सीरीज़ नहीं जीत सका है।

जहां आशा के विपरीत पाकिस्तान ने तीनों टेस्ट मैच में बल्लेबाज़ों के अनुकूल पिच दी , जहां पर गेंद मुश्किल से टर्न कर रही थी। वहीं श्रीलंका ने गॉल में रैंक टर्नर पिच दी , जिसे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों ने अब तक की सबसे मुश्किल पिच कहा। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों ने इसका पूरा फ़ायदा उठाते हुए मैच में कुल 18 विकेट झटके, जिसमें पार्ट टाइम स्पिनर भी शामिल थे।

अगले साल भारत में भी ऑस्ट्रेलिया कुछ ऐसी ही पिचों की उम्मीद कर रहा है। उनके असिस्टेंट कोच डैनियल वेटोरी ने कहा, अलग-अलग जगहों पर परिस्थितियां अलग-अलग होंगी। अगर आप मोहाली में खेलते हैं तो विकेट पाकिस्तान जैसी फ़्लैट मिल सकती है, वहीं अगर आप वानखेड़े में खेलते हैं तो वह गॉल जैसा स्पिन करेगी।'

## एक नजर

# बड़ा ऐलान : महिला खिलाड़ियों को मिलेगा पुरुष क्रिकेटरों के बराबर पैसा



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटरों को भी अब इंटरनेशनल और शीर्ष स्तर के घरेलू मैचों के लिए पुरुष क्रिकेटरों के बराबर पैसा मिलेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने ऐलान किया है कि प्रोफेशनल वुमेंस और मेंस क्रिकेटरों को एक ही खेल के लिए समान वेतन मिलेगा। इसके लिए पांच साल की डील हुई है, जिसमें व्हाइट फर्न्स और घरेलू महिला खिलाड़ियों को एकदिवसीय, टी20आई, फोर्ड ट्रॉफी और सुपर स्मैश स्तर सहित सभी प्रारूपों और प्रतियोगिताओं में पुरुषों के समान मैच फीस मिलेगी।

यह एग्रीमेंट न्यूजीलैंड में महिला क्रिकेटरों को दिए जाने वाले अनुबंधों की संख्या को भी बढ़ाता है और उभरते खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध प्रतिस्पर्धी मैचों की संख्या को बढ़ाता है। व्हाइट फर्न्स की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा कि यह एग्रीमेंट महिला क्रिकेट के लिए एक गेम-चेंजर होगा। डिवाइन ने कहा, अंतरराष्ट्रीय और घरेलू महिला खिलाड़ियों के लिए पुरुषों के साथ एक ही एग्रीमेंट में मान्यता प्राप्त होना बहुत अच्छा है।

अब महिला और पुरुष खिलाड़ियों को ये मैच फीस मिलेगी

टेस्ट मैच के लिए 10,250 डॉलर (करीब 8 लाख रुपए)

ओडीआई मैच के लिए 4,000 डॉलर (करीब 3 लाख 15 हजार रुपये)

टी20आई मैच के लिए 2,500 डॉलर (करीब 2 लाख रुपये)

प्लंकेट शील्ड के लिए 1,750 डॉलर

फॉर्ड ट्रॉफी/हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड के मैच के लिए 800 डॉलर

सुपर स्मैश मैच के लिए 575 डॉलर

# पूर्व विश्व चैंपियन को हराकर अल्फिया ने जीता स्वर्ण

**नूर सुल्तान।** मौजूदा युवा विश्व चैंपियन अल्फिया पठान और गीतिका ने कजाकिस्तान में आयोजित एलोर्डा कप में दमदार प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीते, जबकि भारत की अन्य दो महिला मुक्केबाज कलाइवानी श्रीनिवासन और जमुना बोरो ने रजत पदक के साथ प्रतियोगिता समाप्त की।

नागपुर की अल्फिया ने 2016 विश्व चैंपियन और खिताब की प्रबल दावेदार लज्जत कुंगेइबायेवा को महिलाओं के +81 किग्रा फाइनल में 5-0 से हराया, जबकि गीतिका ने 48 किग्रा फाइनल में हमवतन कलाइवानी पर 4-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। यह अल्फिया और गीतिका के लिए पहली सीनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता भी थी।

अल्फिया मौजूदा एशियाई चैंपियन कुंगेइबायेवा के लिए बहुत मजबूत साबित हुईं।

रोहित ने आज के दिन बनाया था शतकों का रिकॉर्ड

# संगकारा को पछाड़ा और वर्ल्ड कप में सबसे अधिक 6 शतक लगाने के सचिन के रिकॉर्ड बराबरी की




**मुंबई।** रोहित शर्मा फिट हो गए हैं और कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद इंग्लैंड में टीम साथ जुड़ गए हैं। कोरोना संक्रमित होने की वजह से वे टेस्ट नहीं खेल पाए, लेकिन वह टी-20 और वनडे सीरीज में कमाल दिखाने के लिए तैयार हैं। रोहित शर्मा आज की तारीख को शायद ही क्रिकेट करियर में भूल पाएं।

आज ही के दिन साल 2019 में उन्होंने इंग्लैंड में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में शतकों का महारिकॉर्ड बनाया था। वे एक सीजन में पांच शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे। इसके साथ ही उन्होंने कुमारा संगाकरा के 2015 वर्ल्ड कप में एक सीजन में 4 सेंचुरी बनाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

### सचिन के रिकॉर्ड की भी बराबरी की

यही नहीं, रोहित ने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर के वर्ल्डकप करियर में 6 शतक बनाने के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। रोहित ने 2019 में 5 शतक के अलावा 2015 वर्ल्ड कप में भी एक शतक बनाया था। सचिन ने दो बार एक वर्ल्ड कप दो-दो देशों के खिलाफ सेंचुरी बनाई थीं। उन्होंने 1996 वर्ल्ड कप में श्रीलंका और कीनिया के खिलाफ शतक जमाया था। वहीं 2011 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़े थे।

# सानिया-मिर्जा कभी स्कर्ट तो कभी शादी को लेकर हुई ट्रोल

अब विंबलडन को कह रहीं अलविदा, ऑस्ट्रेलिया के एक रेस्तरां में पाकिस्तानी-क्रिकेटर को दे बैठी थीं दिल




**नई दिल्ली।** सानिया मिर्जा आखिरी बार विंबलडन ओपन में भाग ले रही हैं। सानिया ने पहले ही घोषणा कर थी कि इस सीजन के बाद वे टेनिस से संन्यास ले लेगीं। हालांकि, अभी उन्होंने अपने जोड़ीदार मेट पेविक के साथ टूर्नामेंट के मिक्स डबल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अपनी टेनिस उपलब्धियों के अलावा सानिया कई तरह से सुर्खियों में रहती आई हैं।

सानिया की लाइफ में कभी अफेयर्स, लव और कंट्रोवर्सी का भी दौर रहा था जिसका जिक्र उनकी खुद की बायोग्राफी में भी मिलता है। आइए जानते हैं इस बारे में- एक प्लेयर के लिए फिट बॉडी का होना बेहद जरूरी है। इस मामले में सानिया कहीं आगे रही हैं। वे फिटनेस के साथ-साथ बेहद सुंदर खिलाड़ियों में से एक मानी जाती हैं। सानिया के लुक की वजह से भारत और विदेश में उनके सैकड़ों दीवाने रहे हैं। सानिया मिर्जा दक्षिण भारत के हैदराबाद में पली-बढ़ीं और वहीं से उनकी शोहरत की जमीं तैयार हुई।

# संवेदना अंतर्गत मानसिक रोगियों के ईलाज हेतु साईकेट्रिस्ट की होगी नियुक्ति



**कोण्डागांव।** बुधवार को कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की। इस बैठक में उन्होंने संवेदना कार्यक्रम एवं कोंडानार टूरिज्म पर विस्तृत चर्चा की। जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम संवेदना कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए जिले के अंतर्गत कार्यरत् जिला मानसिक स्वास्थ्य के दल एवं शांति फाउण्डेशन के सदस्यों से कार्यों की जानकारी ली। जिसमें दल द्वारा साईकेट्रिस्ट की कमी की जानकारी मिलने पर तुरंत साईकेट्रिस्ट की नियुक्ति करने के निर्देश दिये साथ ही नियुक्ति तक निमहांस के चिकित्सकों से अथवा अन्य निजी चिकित्सकों को टेली मेडिसिन के माध्यम से जोड़कर मरीजों के उपचार हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा मानसिक स्वास्थ्य के दल को मरीजों की उपचार के पूर्व एवं बाद स्थिति की जांच हेतु लगातार मॉनिटरिंग एवं विशेष जांच कराने को कहा। जिला मुख्यालय में संचालित हॉफ वे होम संस्था के संचालक शांति फाउण्डेशन के सदस्यों ने भी इस बैठक में भाग लिया। जहां उन्होंने बताया कि नवम्बर से अब तक 112 मरीजों को हॉफ वे होम द्वारा सेवाएं दी गई है। जिसमें सेंदरी स्थित मानसिक अस्पताल में भर्ती के पूर्व एवं बाद मरीजों को सेवाएं प्रदान की जाती है। कलेक्टर ने हॉफ वे होम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिले में मानसिक रोगियों के संबंध में स्वास्थ विभाग के साथ मिलकर सर्वे द्वारा ऐसे क्षेत्र जहां मानसिक रोगियों की संख्या अधिक प्राप्त हो रही है।

उनका चिन्हांकन कर वहां मानसिक रोग के फैलने के संभावित कारणों जैसे अत्यधिक मद्यपान, नशे, अंधविश्वासों आदि का पता लगायें ताकि प्रशासन द्वारा समय पर उन कारणों पर नियंत्रण हेतु कार्ययोजना तैयार कर कारणों के उन्मूलन हेतु प्रयास किये जा सकें। अब मरीजों के उपचार के साथ उनके मानसिक बीमारियों से ग्रसित होने के कारणों के उन्मूलन पर भी ध्यान केंद्रीत किया जायेगा। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर भूपेन्द्र गावरे, डीडी समाज कल्याण ललिता लकड़ा, सीएमएचओ डॉ0 टीआर कुंवर, हॉफ वे होम से यतिन्द्र सलाम, वीपी शर्मा, अजय सोनी उपस्थित रहे।

### पर्यटन क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं का होगा विकास

मावा कोंडानार पर्यटन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में इन सभी संभावनाओं को हकीकत में लाने हेतु पर्यटन क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। इसके लिए पर्यटन क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं जैसे शौचालय, पेयजल, संकेतक बोर्ड, सड़कों को जल्द से जल्द विकसित करना होगा। इसके लिए सभी विभागों को समन्वयित प्रयास करना होगा।





रायपुर ।महाराज श्री रावतपुरा सरकार जी के प्राकट्य महोत्सव एवं रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर धनेली रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुआ एवं महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## एक नजर

### शासकीय क्रीड़ा परिसर में प्रवेश हेतु परीक्षा 11 जुलाई को

**बिलासपुर** ।नवीन पिछड़ा वर्ग बालक क्रीड़ा परिसर में वर्ष 2022-23 के लिए 25 छात्रों का चयन किया जाना है। इसके लिए प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई 2022 को स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में सुबह 10 बजे से आयोजित की जायेगी। 12 जुलाई को चयन सूची जारी कर छात्रों का चिकित्सकीय परीक्षण करने के बाद क्रीड़ा परिसर में प्रवेश की कार्यवाही की जायेगी।

इस क्रीड़ा परिसर में एथलेटिक्स, हॉकी, कबड्डी एवं स्वीमिंग विधाओं में प्रशिक्षण दिया जायेगा। छ.ग. के किसी भी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के ऐसे छात्र जिनकी आयु 31 दिसम्बर 2022 को 14 वर्ष से कम हो इस क्रीड़ा परिसर में प्रवेश ले सकते है। 17 वर्ष के कम आयु के छात्र जिन्होंने संबंधित विधा में राज्य अथवा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया हो, चयन में शामिल हो सकते है। पिछड़ा वर्ग के 25 खिलाड़ी छात्रों का चयन 10 बैटरी टेस्ट जैसे - 50 मी. दौड़, उछाल परीक्षण, शटल रेस, स्टैण्डिग ब्रांड जमा, गतिशील स्फूर्ति परीक्षण, अपर बॉडी बेंडिंग, पुश-अप, लेग रेसिंग, सिट-अप, 400 मीटर दौड़ के मूल्यांकन के आधार पर किया जायेगा।

भूमि एवं भवन उपलब्ध होते तक छात्रों के आवास की व्यवस्था नवीन पिछड़ा वर्ग बालक क्रीड़ा परिसर में की जायेगी। अभ्यास हेतु राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई मैदान एवं स्वीमिंग पुल का उपयोग किया जायेगा। छात्रों को अध्ययन के लिए हाईस्कूल चिंगराजपारा एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बालक सरकण्डा में प्रवेश दिलाया जायेगा। छात्रों को आवासीय व्यवस्था तथा खेल किट एवं शालेय गणवेश प्रति वर्ष शासन द्वारा प्रदान किया जायेगा।

# वरिष्ठ पत्रकार अजय सिन्हा नहीं रहे

### पत्रकार जगत में शोक की लहर

जोहार छत्तीसगढ़-
जशपुर।



जिले के वरिष्ठ पत्रकार अजय सिन्हा नहीं रहे ।राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान बुधवार की शाम को उनका आकस्मिक निधन हो गया।

जानकारी के मुताबिक पत्रकार स्व अजय सिन्हा काफी समय से बीमार थे। रायगढ़ में उनका ईलाज चल रहा था।मंगलवार को अचानक उनकी तबियत ज्यादा खराब हो गयी और उन्हें इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया था लेकिन बुधवार को ईलाज के दौरान उनका आकस्मिक निधन हो गया । पत्रकार अजय सिन्हा के आकस्मिक निधन की खबर से जशपुर प्रेस जगत में शोक की लहर दौड़ गयी । जशपुर जिला प्रेस क्लब ने अजय सिन्हा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

आपको बता दें कि अजय सिन्हा जिले के वरिष्ठ पत्रकार थे।दैनिक अग्रदूत से काफी वर्षो से जुड़े थे ।

# पेट दर्द के चलते लाया गया अस्पताल, तो 9वीं की छात्रा निकली प्रेग्नेंट

जोहार छत्तीसगढ़-
बिलासपुर।



पंद्रह वर्षीय छात्रा से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, सरकंडा की रहने वाली 9वीं कक्षा की छात्रा का दो दिन पहले पेट दर्द के चलते अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में उपचार के दौरान परिजनों को पता चला कि उनकी नाबालिग बेटी प्रेग्नेंट है। इसके बाद परिजनों ने पीड़िता को घर में लाकर उससे इस संबंध में पूछताछ की। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि जनवरी में रतनपुर क्षेत्र के ग्राम चोरहादेवरी गई हुई थी। 26 जनवरी को घर में कोई नहीं था। इस बात का फायदा उठाकर उसके मामा छबि यादव ने अपने दोस्त किशन यादव के साथ मिलकर गैंगरेप किया। घटना के बाद किसी को बताने पर पीड़िता को बदनाम करने की धमकी दी और दोनों फरार हो गये। इस शर्मनाक

**मामा और उसके दोस्त ने किया था सामूहिक दुष्कर्म**

घटना से सहमी छात्रा ने लोकलाज के डर से इस बारे में किसी को कुछ भी नहीं बताया और फिर अपने घर आ गई। इधर घर में जब तबीयत खराब हुई तो अस्पताल की रिपोर्ट में प्रेगनेंट होने की बात सामने आई। परिजनों और पीड़िता की शिकायत के बाद सरकंडा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुये आरोपी किशन यादव को गिरफ्तार कर लिया। वहीं छबि यादव की तलाश की जा रही है।

# फरसगांव नगर में जेवलरी दुकान में हुई चोरी

### सोना चांदी के आभूषण व नगद रकम की हुई चोरी








**फरसगांव।** नेशनल हाइवे 30 के फरसगांव नगर में बीती रात जवेलरी शाप में अज्ञात चोरो के द्वारा ताला तोड़कर चोरी कर ली, फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात अज्ञात चोरो ने फरसगांव नगर के सीटीओ कालोनी में स्तिथ उत्सव जवेलर्स में मंगलवार की मध्य रात 12 से 1 बजे के दूकान के सटर का ताला तोड़कर सोना चांदी के आभूषण व नगद रकम चोरी कर ली है सुबह सुबह 6 बजे घर वालो ने दूकान का ताला टुटा हुआ देखा तो समझ आया की दुकान में चोरी हो गई है तत्काल थाना फरसगांव में सूचना देने पुलिस के द्वारा कांकेर से फोरेंसिक टीम व जिला मुख्यालय से डॉग स्कॉड बुलाकर जाँच की जा रही है थाना प्रभारी ने बताया की सोना चांदी व रकम मिलाकर कुल 1 लाख 50 हजार रुपयों की चोरी होने की संभावना है वही फरसगांव पुलिस के द्वारा अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है.

# अविश्वास प्रस्ताव गिरा, मरकाम और तेता पास

भानुप्रतापपुर। भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के सदस्यों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सोमवार को वोटिंग हुई जिसके बाद जनपद अध्यक्ष बृजबति मरकाम और उपाध्यक्ष सूना राम तेता ने अपना बहुमत साबित कर दिया है।

वोटिंग के बाद का लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिर गया है। प्रस्ताव के पक्ष में 14 मत पड़े जबकि विपक्ष में 0 मत पड़े यानी कांग्रेस समर्थित सभी सदस्यों के अलावा भाजपा समर्थित सभी सदस्यों ने जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष के पक्ष में वोट किया।

अब कई लोगों के मन में यह सवाल आया कि यह प्रस्ताव आया क्यों? विपक्ष के पास बहुमत नहीं है फिर भी यह प्रस्ताव लाया गया

बता दें कि गत दिन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को गिराने के लिए सदस्य इतना उतावलापन थे कि जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी गई,, लेकिन आज जिस प्रकार से वोटिंग हुई ऐसा लग रहा है वह एक मजाक रहा होगा।

# धारदार हथियार से लोगों को डरा रहे दो व्यक्ति गिरफ्तर

### रास्ते पर आ जा रहे लोगों को डरा रहे थे दोनो आरोपी

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़ ।



थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति लोहे का धारधार हथियार लेकर रास्ते पर आ जा रहे लोगों को डरा रहे हैं । सूचना पर थाना प्रभारी थाने से प्रधान आरक्षक नंदू सारथी, आरक्षक रूप कुमार साहू और राजेश कुमार सिदार को मौके पर पहुंचकर तस्दीकी करने निर्देशित किया गया । स्टाफ मौके पर दो व्यक्तियों को धार धारदार लोहे के हथियार (चाकू व तलवारनुमा नुकीला हथियार) से लोगों को डराते हुए सुरक्षा पूर्वक पकड़कर थाने लाया गया है । आरोपियों द्वारा पूछताछ में अपना नाम हरिकिशन चौहान पिता अंगत चौहान उम्र 56 वर्ष और दर्शन चौहान पिता पनाईक चौहान उम्र 52 वर्ष दोनों निवासी रेल्वे बंग्लापारा रायगढ़ बताये जिन पर *धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर आज रिमांड पर भेजा गया है ।

# कलेक्टर ने उड़ान, गारमेंट फैक्ट्री, युवोदय कोंडानार योजनाओं की ली समीक्षा बैठक



**कोण्डागांव।** बुधवार को कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा उड़ान कम्पनी कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री, युवोदय कोंडानार चैम्प योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक बुलाई। जिसमें कलेक्टर ने उड़ान द्वारा किये जा रहे उत्पादन को बढ़ाने के लिए कम्पनी की टेक्निकल सपोर्ट टीम एवं उड़ान के नोडल अधिकारियों से चर्चा की। जिसमें उन्होंने ऐसे उत्पाद जिनका मार्केट में रूझान कम है। उनका मार्केट सर्वे कर डिस्कंटिन्यू करने तथा ऐसे उत्पाद जिनकी मांग अधिक है उनको मार्केट के बड़ी फर्मों के साथ लिंकेज कर उत्पादन को मांग अनुसार अधिक से अधिक बढ़ाते हुए उड़ान को एक बड़ी संस्था के रूप में स्थापित करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने उड़ान हेतु पृथक सीईओ नियुक्त करने के साथ ऑनलाईन सेल पर भी ध्यान देने को कहा। कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री के संचालकों से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने फैक्ट्री के ईको सिस्टम को सुधार करते हुए कामगारों के लिए बस तथा आवासीय सुविधाओं हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने फैक्ट्री बिल्डिंग का कार्य पूर्ण होते ही फैक्ट्री को स्थानांतरित कर इसके उत्पादन को बढ़ाने हेतु अधिक मशीनों के साथ अधिक से अधिक महिलाओं को इसके साथ जोड़ने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर ने यूनिसेफ की सहायता से संचालित युवोदय कोंडानार चैम्प के संचालकों से चर्चा करते हुए योजनांतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी ली साथ ही उन्हें शिक्षा एवं नशामुक्ति के क्षेत्र में बेहतर कार्यों को करने हेतु प्रेरित किया।

# तुमको ही दुल्हन बनाऊंगा कहकर 2 साल से नाबालिक से मिटाया हवस

### दूसरे लड़की से करने वाला था शादी, पुलिस ने भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़-
तमनार।

तमनार पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में आशुतोष पोर्ते पिता कार्तिक राम पोर्ते उम्र 22 वर्ष निवासी थानाक्षेत्र तमनार को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।



आरोपी युवक के विरूद्ध तमनार थानाक्षेत्र की किशोर बालिका कल 5 अगस्त 2022 को थाना तमनार में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था । पीड़िता बताई कि दोनों का दो वर्ष पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था । आशुतोष शादी करूंगा कहकर पिछले साल जून माह में उसके दोस्त के बोर मकान में मर्जी के बगैर शारीरिक संबंध बनाया । उसके बाद पत्थलगांव ले जाकर और अन्य स्थानों पर भी शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण किया । इस साल जनवरी महीने में अपने मौसी के घर गई थी जहां करीब एक महीने रही, वापस गांव आने के बाद पता चला आशुतोष दूसरी लड़की से शादी कर रहा है । आशुतोष को फोन करने का प्रयास की नम्बर ब्लॉक कर दिया था, उसके दोस्त के माध्यम से मोबाइल पर बात की पर कोई जवाब नहीं दिया । उसे मिलने बुलाई तो उसके पिताजी आकर अपने समाज में शादी करो बोले, तब आशुतोष के दोस्त को कॉल कर उससे बात कर ऐसी हालत में लाकर जिंदगी बर्बाद कर दिये, थाने में शिकायत करूंगी कहने पर आशुतोष जहां शिकायत करना है करो कहकर शादी से इंकार कर दिया । पीड़िता के आवेदन पर आरोपी आशुतोष पोर्ते के विरूद्ध दुष्कर्म सहित पोक्सो एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे द्वारा आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसने अपराध कबूल किया है । आरोपी को आज संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

# विधायक राजमन बेंजाम ने देवगुड़ी निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**जगदलपुर।** चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम ने आज बास्तानार ब्लॉक के ग्राम पंचायत वाहनपुर में 5 लाख के देवगुड़ी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया और क्षेत्र विधायक बेंजाम को इस क्षेत्र में देखकर ग्रामीण खुशी से ललक उठे और इस सौगात के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक राजमन बेंजाम ने कहा कि क्षेत्र की समस्या जो भी हो,जैसे भी हो समस्याओं से पीछे भागने वाले में से नही हूं। समस्या के तय तक जाकर उसका निराकरण करने का पूरा प्रयास करता हूं।और निश्चित रूप से अगर आप किसी भी कार्य को मन लगाकर करोगो तो हल होना तय है।क्षेत्र वासियों ने मुझे जिस काम के लिए चुना है मैं अपना कर्तव्य निभाने से कही भी पीछे नही हटूँगा जहाँ भी मेरे क्षेत्र के लोगो को मेरी जरूरत होगी मैं वहाँ उपस्थित रहूंगा।



जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, गुरुवार 7 जुलाई 2022

# प्रदेश में सबसे अधिक स्वावलंबी गौठान रायगढ़ के

## रायगढ़ जिले के 279 गौठान और राज्य के 3089 गौठान हुए स्वावलंबी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से महत्वपूर्ण सुराजी गांव योजना के गरूवा घटक के तहत अब तक राज्य में निर्मित एवं सक्रिय रूप से संचालित 8408 गौठानों में से 3089 गौठान स्वावलंबी हो गए हैं।



स्वावलंबी गौठानों ने स्वयं की राशि से क्रय किया 15.93 करोड़ रूपए का गोबर

स्वावलंबी गौठान गोबर खरीदी से लेकर वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण के लिए स्वयं के पास उपलब्ध राशि का उपयोग करने लगे हैं। स्वावलंबी गौठानों में शासन से राशि की मांग किए बिना 15 करोड़ 93 लाख रूपए का गोबर भी स्वयं की राशि से क्रय किया है। रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 279 गौठान स्वावलंबी हुए है।

गौरतलब है कि राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक 10624 गांवों में गौठान के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें से 8408 गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है और वहां पर गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण सहित अन्य आयमूलक गतिविधियां संचालित हो रही है। वर्तमान में 1779 गौठानों का तेजी से निर्माण कराया जा रहा है शेष 444 गौठानों के निर्माण का कार्य अभी शुरू कराया जाना है। गौठानों में पशुधन के देखरेख, चारे-पानी एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। गौठानों में पशुओं के लिए हरे चारे के प्रबंध के लिए हाईब्रिड नेपियर ग्रास का रोपण एवं अन्य चारे की बुआई कर चारागाह का विकास लगातार किया जा रहा है। संयुक्त संचालक कृषि एवं गोधन न्याय योजना के सहायक नोडल अधिकारी श्री आर.एल.खरे ने बताया कि राजनांदगांव जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है, जहां स्वावलंबी गौठानों की संख्या 221 हो गई है। तीसरे क्रम पर जांजगीर-चांपा जिले में 190 गौठान स्वावलंबी हुए हैं। वहीं गरियाबंद जिले में 26, धमतरी में 130, बलौदाबाजार में 101, महासमुन्द जिले में 170 तथा रायपुर जिले में 85, दुर्ग में 185, बालोद में 67, बेमेतरा में 71, राजनांदगांव जिले में 221, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 28, कोरबा जिले में 175, जांजगीर-चांपा में 190, बिलासपुर में 101, मुंगेली में 82, रायगढ़ में 279, कोरिया में 12, जशपुर में 75, बलरामपुर में 80, सरगुजा में 105, सूरजपुर में 94, कांकेर में 144, कोण्डगांव में 80, दंतेवाड़ा में 64, नारायणपुर में 7, बस्तर में 102, बीजापुर में 23 तथा सुकमा जिले में 52 गौठान स्वावलंबी बन चुके हैं।

## एक नजर

### जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने दिव्यांग टेकलाल को प्रदाय किया मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत आज बरमकेला विकासखण्ड के हठीलापाली निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग टेकलाल यादव को आवागमन में सुगमता हेतु मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान किया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, उप संचालक समाज कल्याण जे.एल.जांगड़े, विनय तिवारी उपस्थित थे। दिव्यांग टेकलाल मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल पाकर खुश होकर शासन का आभार व्यक्त किया।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें पानी में डूबने से दुलदुला तहसील के ग्राम मकरीबंधा निवासी अलविन्स कुजूर की मृत्यु 17 अगस्त 2014 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता शिलानन्द कुजूर हेतु 4 लाख एवं दुलदुला तहसील के ग्राम सिरिमकेला निवासी आर्यन्त राम की मृत्यु 19 सितम्बर 2021 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता सुरेन्द्र राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में 1 जून से अब तक 117.7 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 117.7 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 6 जुलाई तक औसत वर्षा 247.6 मिमी हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक जशपुर तहसील में 100.4 मिमी, मनोरा में 155.8 मिमी, कुनकुरी में 93.4 मिमी, दुलदुला में 142.7 मिमी, फरसाबहार में 109.2 मिमी, बगीचा में 160.9 मिमी, कांसाबेल में 31.6 मिमी, पत्थलगांव में 97.9 मिमी एवं सन्ना में 167 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा सन्ना तहसील में दर्ज की गई है।

# राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मनाया जा रहा डेंगू रोधी माह

### डेंगू के लक्षण एवं बचाव संबंधी दी जा रही जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केसरी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। डेंगू रोधी माह के अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी के द्वारा बताया गया कि डेंगू बीमारी एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू के लक्षण-अचानक तेज सिरदर्द व तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द होना, आँखों के पीछे में दर्द होना, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक व मुंह से खुन आना, त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि है।

बचाव के उपाय-डेंगू मच्छर से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखनी चाहिए। नालियों में जला हुआ मोबिल, मिट्टी तेल का छिडकाव करनी चाहिए। हमेशा फूल आस्तीन के वस्त्र पहनना चाहिए, रात को सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करना चाहिए, कुलर में स्थिर पड़े हुए पानी का निस्कासन, टायर, नारियल खोल इत्यादि में ठहरे हुए पानी को खाली करना चाहिए। आम जनता डेंगू बीमारी से घबराए नहीं तथा डेंगू रेपीड डायग्नोस्टिक टेस्ट कीट से जांच होने के उपरान्त धनात्मक आने पर कोई भी निजी संस्थान/प्राइवेट क्लीनिक घोषणा नहीं करेगा कि मरीज धनात्मक है। वो संदेहास्पद मरीज के रूप में जाना जायेगा तथा स्व.लखीराम अग्रवाल स्मृति मेडिकल कॉलेज में एलाइजारीडर मशीन में जांच परिणाम धनात्मक आने पर शासन द्वारा पुष्टि की जावेगी। सोशल मिडिया मोबाईल/व्हॉट्सअप, टेलीग्राम, फेसबुक तथा पाम्प्लेट पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार एवं जागरूक किया जा रहा है। आम जनता से अपील कि जाती है कि रायगढ़ जिला को डेंगू मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## दो मोटरसाइकिल के भिडंत में एक की मौत, दो गम्भीर

**गरियाबंद** । बीते मंगलवार के देरी रात बारुला के पुल के ऊपर दो मोटरसाइकिल के आपस मे भिडंत हो जाने से एक ब्यक्ति की मौत हो गई ,वही दो लोगो को गम्भीर चोट लगी जिन्हें रायपुर रिफर किया गया है ।घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार बीते देर रात राजिम निवासी माखन साहनी अपनी मोटरसाइकिल में बारुला से गरियाबंद की ओर आ रहा था ,उसी दौरान ग्राम राकादादर निवास छम्मन दीवान और नरेंद्र कुमार अपनी मोटरसाइकिल में गरियाबंद से राकादादर जा रहे थे उसी दौरान बारुला पुल के ऊपर दोनो मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गई,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनो मोटरसाइकिल में सवार तीनो लोगो का पैर टूट गया, जिन्हें संजीवनी के माध्यम से गरियाबंद जिला अस्पताल लेकर आए ,जहा तीनो का पैर टूटा पाया गया वही माखन से सीने में और आँखें में गम्भीर चोट लगी थी,तीनो को गम्भीर अवस्था मे रायपुर पे जा रहे थे,लेकिन रास्ते मे ही छम्मन कि मृत्यु हो गई।वही रायपुर मेकाहारा अस्पताल में भर्ती दोनो घायलों में माखन की स्थिति गम्भीर बताई जा रही है ।

## डेंगू के रोकथाम के लिए चलाई जाएगी मुहिम

**जगदलपुर** । कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को नगर निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आयुक्त दिनेश कुमार नाग ने डेंगू के रोकथाम व बचाव के उद्देश्य से संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का आवश्यक बैठक लेकर डेंगू के रोकथाम और बचाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र के अधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, युवोदय के स्वयंसेवक व युवा मितान सदस्य उपस्थित थे। आयुक्त दिनेश कुमार नाग ने शहर के 48 वार्डों के लिए डेंगू के रोकथाम व बचाव के लिए संयुक्त टीम का गठन कर वार्डो का घर घर जाकर सर्वे कर डेंगू के रोकथाम व बचाव के उपाय लोगों को बताने को कहा।

# बालाछापर गौठान की सखी स्व-सहायता समूह की महिलाएं तेल पेराई कर बन रही है आत्मनिर्भर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने जिला प्रशासन द्वारा गोठान में विभिन्न गतिविधियां सचालित कर स्व-सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बालाछापर गोठान की सखी स्व-सहायता समूह की महिलाओं को जिला प्रशासन द्वारा तेल पेराई का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसके उपरांत गोठान में ही सखी स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मशीन उपलब्ध कराई गई। आज समूह से जुड़ी महिलाएं दो माह में तेल पेराईए खरी विक्रय, तेल विक्रय कर कर 56 हजार 144 रुपए आमदनी अर्जित कर चुकी है। समूह की महिलाओं ने बताया कि तेल पेराई



के लिए उन्होंने सरसो का बीज अब तक 11 क्विंटल खरीदा जिसे कुल 210 लीटर तेल प्राप्त हुआ है। अब तक उन्होंने कुल 154 लीटर तेल का विक्रय कर 33500 रुपए प्राप्त कर चुकी है। उन्होंने बताया कि तेल पेराई के बाद बीज से खरी प्राप्त होता है जिसका भी जिले में अधिक मांग है। उन्होंने बताया कि अब तक 7 क्विंटल खरी का विक्रय भी इनके द्वारा किया गया है। जिससे उन्हें 15144 रुपए की राशि प्राप्त हुई। इसी प्रकार ग्रामीणों द्वारा भी तेल के पेराई के लिए गौठान लाया जाता है। जिससे उन्हें 7500 रुपए का लाभ हुआ है।

समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके समूह में 10 महिलाएं है। जो कि 5 अप्रैल 2022 से तेल पेराई का कार्य कर अपने परिवार को आर्थिक रूप से मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। जिसका उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है। महिलाओं ने कहा कि आज वे खुद आत्मनिर्भर बन रही है। परिवार के हर छोटे-बड़े के कार्य के लिए होने वाले खर्च में अपनी भी भागीदारी सुनिश्चित कर पा रही है। महिलाओं ने कहा कि गोठान में विभिन्न योजनाओं का संचालन कर महिलाओं को रोजागर से जोड़ा गया है। यह अत्यंत सराहनीय कार्य है। सभी महिलाओं ने इस जनकल्याणकारी योजना संचालन के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन को सहृदय धन्यवाद दिया।

## बस्तर संभाग के सभी जिलों में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा तथा वज्रपात होने की संभावना

### मौसम विभाग द्वारा आगामी 24 घंटे के लिए पीला अलर्ट जारी

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार बस्तर संभाग के सभी जिलों में आगामी 24 घंटे में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा तथा वज्रपात होने की संभावना है। जिसे देखते हुए आम जन से अपील की जाती है की वे जितना संभव हो घर के भीतर ही रहे।

बिजली गिरने एवं भारी वर्षा की स्थिति में अलग थलग पड़े पेड़ों की नीचे आश्रय ना ले।



तालाबोंए झीलोंए खेतों या अन्य पानी वाली क्षेत्र से तुरंत बाहर निकले। गढ़गढ़ाहट सुनने के बाद घर के भीतर जाएं या बाहर होने पर पक्का आश्रय तलाश करे। अंतिम गढ़गढ़ाहट की आवाज सुनने के बाद 30 मिनट तक बाहर ना निकले। पक्का आश्रय ना मिलने पर तुरंत उकडू बैठ जाए। यात्रा के दौरान यदि गरज चमक हो तो कार या बस के भीतर ही रहे। बिजली एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग न करे। बिजली की तारों से दूर रहे।

अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करने के पूर्व मौसम की जांच जरूर करे। उन क्षेत्रों में जाने से बचे जहां जल जमाव की समस्या होती हो। कमजोर ढांचे में रहने से बचे।

# सीईओ जिला पंचायत ने खण्ड स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेंद्र यादव की उपस्थिति में आज जशपुर एवं कुनकुरी के जनपद पंचायत सभागार में खण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासकीय योजनाओं से लोगों को लाभ प्रदान करने गंभीरता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सम्बंधित एसडीएम, जनपद सीईओए सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। सीईओ यादव द्वारा बैठक में जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, आयुष्मान कार्ड, वृक्षारोपण सहित अन्य योजनाओं की कार्य प्रगति के सम्बंध में विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से ईलाज में मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारी देते हुए अभियान



चलाकर पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इस हेतु 8 जुलाई को जनपद पंचायत जशपुर में एवं 9 जुलाई को कुनकुरी जनपद में मेगा कैंप आयोजित किया जाएगा। कैम्प के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने कहा गया है। जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र और राशन कार्ड बनाने की कार्य प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होंने ग्रामवार लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा। जिससे शत प्रतिशत पात्र लोगों को योजना का लाभ मिल सके। इसी प्रकार उन्होंने सभी शासकीय संस्थानों एवं आस पास के रिक्त जमीन पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण करने के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। जिसके लिए उन्होंने पौधों की उपलब्धताए जमीन चिन्हाकंनए फेसिंगए टी गार्ड की व्यवस्था रखने की बात कही। उन्होंने गौठानों में नियमित रूप से गोबर खरीदी करने एवं समूह की महिलाओं को मछली पालनए बाड़ी विकास सहित अन्य योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए।


# दामिनी एप्प से आकाशीय बिजली गिरने से पहले मिल सकेगी जानकारी

### किसानों को मिलेगा मौसम पूर्वानुमान की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

अब आकाशीय बिजली गिरने से पहले ही लोगों को सूचना प्राप्त हो सकेगा। साथ ही किसान घर बैठे मौसम की पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त करेंगे। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के भारतीय उष्देशीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे द्वारा मोबाइल एप्प दामिनी लांच किया गया है।

जिससे आकाशीय बिजली गिरने की अलर्ट मिलने के साथ ही किसानों को मौसम के हर पल की जानकारी मिलेगी। इस एप्प से खेतों में काम कर रहे किसानों या खुले में काम करने वाले अन्य लोगों को बिजली गिरने से पहले ही सावधान रहने की सूचना मिल जाएगी और वे सुरक्षित स्थान पर जा सकेगे।




### एप्प को प्ले स्टोर से किया जा सकता डाउनलोड

दामिनी एप्प की विशेषता यह है कि एप्प 20 किलोमीटर के दायरे में बिजली गिरने की चेतावनी देगा। इस एप्प से मोबाईल फोन पर लोगों को वज्रपात के बारे में अलर्ट मिलेगा। यह एप्प नेटवर्क बिजली की गड़गड़ाहट और वज्रपात की गति के बारे में सटीक जानकारी देगा। एप्प में लाल रंग प्रदर्शित हो रहा हो तो 0 से लेकर 5 मिनट के अंदर बिजली गिरने की संभावना होगी। पीला रंग होने पर 5 से 10 मिनट के भीतर व नीले रंग में 10 से 15 मिनट के भीतर बिजली गिरने की संभावना होती है। दामिनी एप्प को बड़ी आसानी से अपने मोबाईल के प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।

# बनाना ही नहीं था तो क्यों तोड़ दिए पुलिया को

## ठेकेदार द्वारा पिछले साल तोड़ा गया पुलिया अभी तक नहीं बना, बरसात में आवागमन बाधित होने से ग्रामीण होंगे परेशान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

जब पुलिया को बनाना ही नहीं था तो ठेकेदार ने क्यों तोड़ दिया। पिछले बरसात में उस मार्ग में आवागमन बाधित था। जिस कारण क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस बार फिर बरसात शुरू हो गई लेकिन पुलिया टूटा ही पड़ा है। पता नहीं कब ठेकेदार पुलिया को बनाएगा।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

बात कर रहे हैं धरमजयगढ़ से कापू मार्ग पर मिरिगुड़ा के पास में बनने वाला पुलिया की। जहां पहले से पुलिया बना हुआ था। लेकिन नए सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ठेकेदार द्वारा उसे तोड़ दिया गया। जिस पर नए पुलिया के निर्माण किया जाना है। पिछले साल पुलिया को तोड़कर बगल में परिवर्तित मार्ग बना दिया गया था जो पहली बारिश में ही बह गया। जिससे उस क्षेत्र के लोगों का बरसात के दिनों में धरमजयगढ़ से संपर्क टूट सा गया था। लोगों को उम्मीद थी कि इस बार बरसात से पहले उस पुलिया का निर्माण हो जाएगा। लेकिन क्या वह तो जस का तस पड़ा हुआ है। फिर से बगल में परिवर्तित मार्ग बना दिया गया है। जो फि र लोगों को परेशानी में डालने वाला है। ठेकेदार का काम तो नौ दिन चले अढ़ाई कोस जैसे मुहावरे को भी मात दे रहा है। बता दें कि धरमजयगढ़ से कापू मार्ग छत्तीसगढ़ राज्य सड़क क्षेत्र परियोजना एडीबी प्रोजेक्ट के तहत स्वीकृति हुआ है। जो लोक निर्माण विभाग के मार्गदर्शन में निर्माण किया जा रहा है। जिसका ठेका मे. एस के एल एल पी एस बी ई पी एल जे व्ही को मिला है। निर्माण कार्य का आदेश 24 जुलाई 2020 को हुआ था। जिसका कार्य अवधि 20 माह था। यह मार्ग की दूरी 32.596 किलोमीटर है, जिसका लागत 94.79 करोड़ रुपये है। लेकिन अवधि से 4 माह अधिक का समय बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा है।

### धरमजयगढ़ आगमन पर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की तैयारी

पिछले साल कई महीनों तक मुख्यालय से टूटने वाले ग्रामीण मुख्यमंत्री के आगमन के इंतजार में बैठे हैं। क्योंकि निचले स्तर के अधिकारियों को कई बार शिकायत किया जा चुका है, वहीं स्वयं अधिकारी उस मार्ग के बारे में जानते हैं। लेकिन समाधान नहीं करते। इसलिए ग्रामीणों के लिए अच्छा मौका होगा कि मुख्यमंत्री का खम्हार आगमन हो रहा है। जहां क्षेत्रवासियों की पहली शिकायत सड़क एवं पुलिया निर्माण में हो रही देरी के संबंध में होगी।

### मुआवजा को लेकर भूमिस्वामी मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत

*मजेदार बात तो यह है कि इस मार्ग के लिए जनसुनवाई एवं ग्राम सभा की कार्यवाही पूर्ण नहीं हुआ है। जिस कारण से प्रभावित भूमि स्वामियों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। कम्पनी भोले भाले आदिवासियों को गुमराह कर फर्जी तरीके से कागजों में जनसुनवाई एवं ग्राम सभा की कोरम पूरा करने में लगा है। जिसमें कुछ शासकीय कर्मचारियों की संलिप्तता है। जब कागजी कार्यवाही पूरा नहीं हुआ तो किस आधार पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जो सीधे शब्दों में कहें तो आदिवासियों के साथ अन्याय हो रहा है। अब देखते हैं कि मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद क्या किसानों को न्याय मिल पाएगा?*




### एक नजर

## जिले के सभी ग्राम पंचायतों में राशन कार्ड एवं पेंशन हेतु विशेष शिविर आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के समस्त 774 ग्राम पंचायतों में राशन कार्ड एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं के लिए तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य रूप से केवल राशन कार्ड एवं विभिन्न पेंशन के पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँचाना मुख्य उद्देश्य था, ताकि कोई भी हितग्राही वंचित ना रहे। इस विशेष शिविर के अंतिम दिवस तक राशन कार्ड हेतु प्राप्त कुल आवेदन लगभग 10310 एवं पेंशन हेतु प्राप्त कुल आवेदन लगभग 3630 प्राप्त हुए है जिन्हें सूचीबद्ध कर पात्रता अनुसार निराकरण का कार्य भी किया जा रहा है। जिसमें अब तक राशन कार्ड हेतु लगभग 2448 एवं पेंशन हेतु लगभग 1424 आवेदनों का निराकरण तत्परता के साथ किया जा चुका है। इस विशेष शिविर में स्थानीय जन प्रतिनिधियों का भी सहयोग रहा। जिसमें उन्होंने अपने क्षेत्र के नागरिकों को जागरूक करने तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किये।

## जिला परियोजना समन्यक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता फील्ड वर्कर हेतु 10 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 मई 202 को अनुसूचित जाति एवं अन्य वन परम्परागत वन निवासी, वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम, 2006 एवं नियम, 2007 यथा संशोधित नियम 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में मानव संसाधन के रूप में, जिला परियोजना समन्वयक के 1 एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता फील्ड वर्कर के 1 पद की नियुक्ति हेतु सूचना प्रकाशित किया गया था। सहायक आयुक्त ने बताया कि निर्धारित अवधि तक प्राप्त आवेदन में कोई भी अभ्यर्थी पात्र नहीं होने के कारण अभ्यर्थियों से न्यूनतम तीन वर्षों का मैदानी क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव को शिथिल कर दिया गया है। अब आवेदक 10 जुलाई 2022 तक आवेदन कर सकेगे। अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्तए आदिवासी विकासए जशपुर के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## जिले में 226.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 6 जुलाई तक 226.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 21.9 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 303.3 मिली मीटर, पुसौर में 340.5, खरसिया में 259.5, सारंगढ़ में 291, बरमकेला में 199.8, घरघोड़ा में 168.5, तमनार में 235, लैलूंगा में 188, धरमजयगढ़ में 151.4, सरिया 156.1 एवं छाल तहसील में 196 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## कलेक्टर ने किया गांधी ग्राम कुलगांव का निरीक्षण

13 विभिन्न इकाईयों का हो रहा संचालन

**कांकेर** । कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज ग्रामीण आद्योगिक पार्क गांधी ग्राम कुलगांव का निरीक्षण कर वहॉ संचालित विभिन्न आर्थिक गतिविधियों की जानकारी ली, यहॉ विभिन्न 13 गतिविधियां संचालित की जा रही है। इनमें 05 प्रंसस्करण इकाई, 04 प्रसंस्करण केन्द्र और 04 उत्पादन ईकाइयां स्थापित है, जिनका संचालन महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्रामीण आद्यौगिक पार्क में स्थापित हाथ करघा बुनाई इकाई, दाल एवं मशाला मिल, कोषा धागाकरण, मड़िया आटा मिल, मछली आहार निर्माण इकाई, मशरूम उत्पादन इकाई, बकरी एवं मुर्गी पालन, दोना पत्तील इत्यादि का अवलोकन किया और महिला स्व-सहायता समूहों से कार्यों की जानकारी ली एवं आमदनी के संबंध में पूछताछ किया।

# विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी ने किया मैनपुर में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

रायपुर, कांकेर, चारामा विकासखंड चारामा के अंतर्गत ग्राम मैनपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष व भानुप्रतापपुर के विधायक मनोज मंडावी के मुख्य अतिथि के द्वारा समुदायिक भवन का भूमिपूजनएजनपद सदस्य विजय मण्डावी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर राम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य नवली मीना मण्डावी, हिरेन्द्र साहू कांग्रेस संयुक्त महामंत्री, ग्राम सरपंच सुशीला नेताम, उप सरपंच चन्द्रभान सिंह, ग्राम पटेल हीराराम नेताम की उपस्थिति में किया। मैनपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मनोज मंडावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के कारण ग्रामों में विकास की गति तेजी से हो रही है तथा प्रत्येक समाज को ध्यान में रखकर उनके अनुकूल आवश्यक निर्माण कार्यों पर सरकार ध्यान दे रही है। मनोज मंडावी ने अपने द्वारा आम जनता की मांगो पर क्षेत्र हुए में विकास कार्यों का उल्लेख किया।

मनोज मंडावी ने मैनपुर में सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच का सर्व सम्मति से चयन करने की पद्धति की काफी सराहना की एसाथ ही उन्होंने कहा कि सभी जातियों को ग्राम में मिल जुल कर रहना चाहिए। गांव में देवस्थल को सुरक्षा हेतु देव गुड़ी भवन निर्माण एवं ग्राम में वैवाहिक या अन्य कार्यक्रम हेतु पंचायत में टेंट व अन्य सजावटी सामग्री देने की घोषणा की। इसके पहले जनपद सदस्य विजय मंडावी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर राम कश्यप, ग्राम सरपंच सुशीला नेताम, ग्राम पटेल हीरा राम नेताम ने भी सभा में अपनी बात रखी। इस अवसर पर ग्राम के सभी वार्ड पंचएहीरालाल नेताम, खेमराज नेताम, दलवन्त नेताम, रूपलाल साहू, रामसुमन साह, सचिव वीरेंद्र सलाम, नरेश कुलदीप, महिला मण्डल, नवयुवक मण्डल आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्कूल का निरीक्षण

शिक्षक की भूमिका में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला

**कांकेर** । कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज नरहरपुर विकासखण्ड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत साल्हेभाट और रावस क्षेत्र में विकास कार्यों का जायजा लेने के साथ ही उप स्वास्थ्य केन्द्र, बालक आश्रम, प्राथमिक विद्यालय और तहसील कार्यालय का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम ठेमा के उप स्वास्थ्य केन्द्र, बालक आश्रम और प्राथमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। स्कूल एवं बालक आश्रम निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा में बच्चों के पढ़ाकर उनके अक्षर ज्ञान एवं गणतीय ज्ञान को परखा। विद्यालय के शिक्षकों से विद्यार्थियों गणवेश एवं पाठ्य पुस्तर वितरण की जानकारी ली तथा मध्यान्ह भोजन को भी देखा। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बालक आश्रम और प्राथमिक विद्यालय ठेमा के सभी कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को स्वयं पढ़ाया। बच्चों को कविता सुनाने कहा, पुस्तक पढ़कर बताने एवं पहाड़ा सुनाने के लिए कहा। कक्षा पहली के अभिनव कुमार ने 100 तक गिनती और विकास कुमार ने अंग्रेजी वर्णमाला के बारे में पढ़कर सुनाया। कक्षा पांचवी के छात्र यशस्वी कुमार ने 12 का पहाड़ा पढ़कर सुनाया।

# स्वामी आत्मानन्द स्कूल में हिंदी माध्यम की कक्षाएं हुई शुरू

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के शुरू होने के बाद हाईस्कूल के हिंदी माध्यम में अध्ययनरत छात्रों को चिंता सताने लगी थी। क्योंकि हिंदी माध्यम के सभी शिक्षकों का स्थानांतरण कर दिया गया। लेकिन शासन ने पुन: हिंदी माध्यम संचालित करने का आदेश जारी किया था। जिसपर स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल धरमजयगढ़ में हिंदी माध्यम की कक्षाएं नियमित रूप शुरू हो गई है। संस्था के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सूचित करते हुए कहा है कि वह निरंतर उपस्थिति बनाए रखें तथा अपने अध्यापन के लिए नियमित रूप से दोपहर 12 बजे आवश्यक रूप से कक्षा में उपस्थित रहे। ताकि समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण किया जा सके। बता दें कि शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरमजयगढ़ का जीर्णोद्धार कर उसमें स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित किया जा रहा है।

# विप्र फाउंडेशन की महिला शाखा घोषित

मंजू अध्यक्ष तो मीना बनी महासचिव

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विप्र समाज की अग्रणी संस्था विप्र फाउंडेशन की महिला प्रकोष्ठ रायगढ़ जिला की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है।



विप्र फ उंडेशन की जिला शाखा रायगढ़ की संगठन महासचिव मीना शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय प्रभारी महिला प्रकोष्ठ सोनाली शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी चरण शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा, प्रदेश सरंक्षक बीना शर्मा, रश्मि शर्मा की सहमति एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती ममता पुजारी के अनुमोदन से जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मंजू जोशी के द्वारा रायगढ़ की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। जो इस प्रकार है। मार्गदर्शक, संतोष राजेंद्र शर्मा, मंजू बालमुकुंद शर्मा, गंगा खुशीराम शर्मा, जिला रायगढ़ महिला प्रकोष्ठ, अध्यक्ष मंजू इंद्रचंद जोशी, उपाध्यक्ष पिंकी अनूप शर्मा, उपाध्यक्ष सुनीता दुर्गेश शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष संतोष शर्मा, महासचिव संगठन मीनामनोज शर्मा, महामंत्री मीना राजेश भारद्वाज महामंत्री ममता शशिकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष आशा पप्पू शर्मा, सहकोषाध्यक्ष रमा दीपक शर्मा, सचिव बबीता सुनील शर्मा, सहसचिव सपना सत्य प्रकाश शर्मा, सह सचिव सविता प्रमोद शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य, संगीता कैलाश शर्मा, पुष्पा आनंद शर्मा, प्रिया गोपाल शर्मा, निधि मुकेश शर्मा, सुमन अजय शर्मा, संगीता संजय शर्मा, ज्योति लक्ष्मण शर्मा, सोनाली विकास शर्मा, मनीषा ज्योति विवेक मिश्रा, अनु अभिषेक शर्मा, निशा अभिषेक शर्मा, रिंकी प्रकाश शर्मा को बनाया गया है। ज्ञात हो कि विप्र फाउंडेशन समय.समय पर सर्व समाज के हित में विभिन्न कार्यक्रम करवाता रहता है।

* विप्र फाउंडेशन द्वारा बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए सभी वरिष्ठजनों का धन्यवाद देते हुए यह कहना चाहती हूं कि समाज के हित में जो कर सकेंगे वह सभी को साथ लेकर अवश्य करेंगे।

**मंजू जोशी, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ**

* वरिष्ठ लोगों द्वारा बड़ी जिम्मेदारी दी गई है जिसके लिए आभार व्यक्त करती हूं आने वाले समय में सर्व समाज के लिए हम सभी मिलकर विप्र फाउंडेशन के माध्यम से बेहतर करने का पूरा प्रयास करेंगे।

**मीना मनोज शर्मा, संगठन महासचिव**

# क्या लाखों रुपये से बने हेलीपैड में कभी उतरेगा शासन का हेलीकॉप्टर ?

लोक निर्माण विभाग धरमजयगढ़ द्वारा निर्मित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

9 जुलाई को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धरमजयगढ़ आगमन सुनिश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से धरमजयगढ़ पहुंचेंगे। जिसके लिए लोक निर्माण विभाग हेलीपैड बनाने संघर्ष कर रही है।



दशहरा मैदान में कई जगहों को चिन्हाकित किया गया है। लेकिन लोक निर्माण विभाग उस हेलीपैड को क्यों भूल रहा है जिसको वह स्वयं बनवाया था। लाखों रुपये से बने उस हेलीपैड में क्या कभी शासन का हेलीकॉप्टर उतरेगा। क्या कारण है कि लोक निर्माण विभाग हेलीकॉप्टर को वहां नहीं उतरने देता है। बता दें कि कुछ वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा बीटीआई के पीछे सीएमपीडीआई कालोनी पतरापारा में लाखों रुपये की लागत से हेलीपैड का निर्माण कराया गया है। जहां आज तक कोई हेलीकॉप्टर नहीं उतरा है।बल्कि वह हेलीपैड शराबियों के लिए अच्छा ठिकाना बन गया है। जहां सैकड़ों शराब के बोतल टूटे फूटे हैं। वहीं चारो तरफ छोटे छोटे पैधे उग आए हैं। कौन अधिकारी किया सोचकर उस जगह लाखों रुपये का हेलीपैड बनवाया समझ से परे है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in